श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 151, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    शुक्रवार 30 जून 2023    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'पलटू बाबू' पूछ रहे 9 साल में क्या काम हुए....'

## बिहार में नीतीश पर गरजे अमित शाह, विपक्षी पार्टियों ने 70 वर्षों तक धारा 370 को गोद में बिठा कर रखा, कांग्रेस की चौखट पर बैठे हैं नीतीशः शाह

**पटना। केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि इन्होंने धारा 370 को 70 वर्षों तक गोद में बिठा कर रखा। कांग्रेस, जदयू और राजद सभी लोग धारा 370 को लगाकर बच्चों की तरह गोदी में खिलाते थे। दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी ने 05 अगस्त, 2019 को धारा 370 को उखाड़ कर फेंक दिया। शाह लखीसराय के गांधी मैदान में गुरुवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलटूराम नीतीश बाबू कहते हैं कि 9 साल में क्या किया? नीतीश बाबू जिनके कारण आप मुख्यमंत्री बने, जिनके साथ इतना साल बैठे कुछ तो लिहाज करो। नीतीश बाबू आप सुनना चाहते हो तो पूरा हिसाब देने आया हूं। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंच रहा है। मोदी सरकार ने 18 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डालने का काम किया। मुंगेर में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज बनाने का काम भी नरेन्द मोदी ने ही किया। इसके साथ रोडवेज के लिए 3 लाख करोड़ के 13 ग्रीन फील्ड



एक्सप्रेस-वे नरेन्द्र मोदी ने दिए हैं। केंद्र सरकार ने बिहार में 3 हजार 400 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाएं लागू की। 230 किलोमीटर लंबा असम-दरभंगा एक्सप्रेस-वे का काम शुरू हुआ। बिहार में अलग-अलग योजनाओं में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 175 करोड़ की लागत से सड़क बनाया। रेलवे में 13 हजार 400 करोड़ से पटना में मेट्रो का काम शुरू किया। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द मोदी ने समग्र देश में ढेर सारे इंफ्रास्ट्रक्चर के काम किए हैं। बिहार को विकास कार्यों से मोदी सरकार ने पाट दिया है। इनमें मुंगेर से बेगूसराय तक रेल सड़क को डबल करने का काम हो या फिर पुल के निर्माण का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ही किया।

### नीतीश सीएम बने रहना चाहते हैं: शाह

**नीतीश** बाबू को पूछना चाहता हूं आपने क्या किया? जो नेता हर बार बदले उस पर विश्वास कर सकते हैं क्या? ऐसे आदमी के हाथ में बिहार सौंपना चाहिए क्या? इसलिए कांग्रेस की चौखट पर बैठे हैं। वो बस मूर्ख बना रहे हैं। वो सीएम बने रहना चाहते हैं।

20 पार्टियों ने 20 लाख करोड़ का घोटाला किया:

केंद्रीय गृह मंत्री ने पटना में आयोजित विपक्षी एकता की बैठक में शामिल एक-एक पार्टियों का नाम लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 20 से ज्यादा पार्टियां इकट्ठा हुई। ये 20 पार्टियां कौन हैं? ये 20 लाख करोड़ का घपला, घोटाला-भ्रष्टाचार किया है। 20 लाख करोड़ घोटाला करने वाले कांग्रेस, लालू यादव और कांग्रेस के साथ मिले हैं।

नीतीश बाबू आपकी राजनीति पैदाइश ही भ्रष्टाचार का विरोध करके हुई। इंदिरा के आपातकाल के विरोध से ही शुरू हुई। किस मुंह से आप इनके साथ मिल कर मुंगेर और बिहार कि जनता के बीच आइएगा।

# तत्काल सुनवाई के लिए मामलों को सूचीबद्ध करने की नई प्रक्रिया लागू

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट में मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की नई प्रक्रिया लागू होने जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट गर्मियों की छुट्टियों के बाद आगामी तीन जुलाई को खुलने जा रही है, कोर्ट खुलने के साथ ही नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। सर्वोच्च अदालत ने इस संबंध में 28 जून को नया सर्कुलर जारी कर दिया है। न्यायिक प्रशासन के रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए गए इस सर्कुलर में कहा गया है कि नए मामले जो शनिवार,



सोमवार और मंगलवार को सत्यापित किए जाएंगे, वह स्वतः ही अगले सोमवार को लिस्ट हो जाएंगे।

क्या है सुप्रीम कोर्ट के सर्कुलर में: सर्कुलर में कहा गया है कि जो वकील आवंटित तारीखों से पहले अपने सत्यापित नए मामलों को सूचीबद्ध कराना चाहते हैं तो उन्हें एक दिन पहले शाम तीन बजे तक उल्लेख प्रोफार्मा मेंशनिंग अधिकारी के सामने जमा कराना होगा।

# 'चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं'

**नई दिल्लीः दिल्ली** के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाक के साथ रिश्तों पर खुलकर बात की। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं है। सीमा पर संघर्ष का आपसी संबंधों पर असर पड़ा है। पाकिस्तान को लेकर जयशंकर ने कहा, सीमा पार आतंकवाद के कारण उनके रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। भारत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं करेगा जहां रात में आतंकवाद होता है और दिन में व्यापार होता है।

आतंकवाद के चलते पाक से संबंध नहीं: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ रिश्ते को लेकर एस जयशंकर ने कहा, हम आतंकवाद को सामान्य नहीं होने दे सकते, हम उसे पाकिस्तान के साथ चर्चा का आधार नहीं



बनने दे सकते। जयशंकर ने आगे कहा, पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से आतंकवाद की नीति के रहते हुए सामान्य संबंध होना संभव नहीं है। मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच कुछ मुद्दे हैं और अब समय आ गया है कि उन मुद्दों की गंभीरता को पहचाना जाए।

'चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं'

पाकिस्तान के अलावा भारत के दूसरे पड़ोसी देश चीन के साथ संबंधों को लेकर जयशंकर ने कहा, भारत-चीन बॉर्डर पर स्थिति आज भी सामान्य नहीं है। एलएसी पर पिछले तीन सालों से दोनों देशों के सैनिकों के बीच गतिरोध चल रहा है। हालांकि जयशंकर ने चीन को एक बड़ा और अहम पड़ोसी बताया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि चीन आज बहुत ही महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था और बड़ी शक्ति है। लेकिन कोई भी रिश्ता म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग पर बेस्ड होता है और दोनों देशों को एक-दूसरे के हितों और संवेदनाओं का सम्मान होना चाहिए।

# अमरनाथ यात्रा : आज रवाना होगा पहला जत्था

## बालटाल व पहलगाम दोनों मार्गों पर सुरक्षा व सुविधा के व्यापक इंतजाम, दोनों यात्रा मार्गों पर शिव भक्तों के स्वयंसेवी संस्थाओं ने लगाए 120 लंगर

**जम्मू। वार्षिक** अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर यात्री निवास में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस आधार शिविर से शुक्रवार यानी 30 जून को पहला जत्था बालटाल और पहलगाम के आधार शिविर के लिए रवाना होगा। इन दोनों आधार शिविरों से शनिवार को श्रद्धालु पवित्र गुफा की ओर अपनी यात्रा आरंभ करेंगे। बफानी बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप में पहुंचना शुरू हो गए हैं। यात्रा के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए जम्मू शहर में तत्काल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। यात्रा पंजीकरण के लिए भोले के भक्त कतारों



में सुबह से ही लगे हुए हैं। बाबा बफानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को उत्साह देखते ही बन रहा है। पूरा शहर बम बम भोले के जयकारों से गूंजना शुरू हो गया है। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 62 दिन चलेगी। यात्रा 1 जुलाई को शुरू होकर 31 अगस्त को सम्पन्न होगी। हिंदुओं के लिए इस यात्रा का एक अलग ही महत्व है। तीर्थयात्रा पहलगाम में नुनवान और कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल के रास्तों से शुरू होगी। इन दोनों यात्रा मार्गों पर करीब 120 लंगर लगाए गए हैं। लखनपुर से लेकर बालटाल व पहलगाम तक करीब 50 लंगर हैं। उधमपुर जिले में जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर ही कुल 22 लंगर लगाए गए हैं। इसी बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव राज कुमार गोयल, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव मंदीप कुमार भंडारी ने अमरनाथ यात्रा के दोनों तीर्थ मार्गों का व्यापक दौरा किया था।

# उत्तराखंड : लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे ब्लॉक

**नई दिल्लीः उत्तर**-पश्चिमी राज्यों में सामान्य से 42% ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम व पश्चिमी राज्यों में 3 दिन मानसून सक्रिय रहने का अनुमान है। अगले 24 घंटे में मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 23 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां 3 दिन भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी बारिश की वजह से छिनका के पास लैंडस्लाइड होने से बद्रीनाथ की तरफ जाने वाला हाईवे ब्लॉक हो गया है।

# जानवरों की अवैध कुबार्नी ना होः हाईकोर्ट



**मुंबईः बॉम्बे** हाईकोर्ट ने बुधवार को अपने एक आदेश में कहा कि बकरीद के त्यौहार के दौरान जानवरों की अवैध कुबार्नी ना हो, बीएमसी यह सुनिश्चित करे। बता दें कि गुरुवार को देशभर में बकरीद का त्यौहार मनाया जा रहा है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस जितेंद्र जैन की डिविजन बेंच ने यह आदेश दिया है।

रिहायशी सोसायटी में कुबार्नी पर रोक की मांगःबता दें कि मुंबई की नथानी हाइट्स सोसायटी में रहने वाले हर्ष जैन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

अपनी याचिका में हर्ष जैन ने मांग की थी कि सोसायटी में जानवरों की कुबार्नी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। याचिका पर हाईकोर्ट ने तुरंत सुनवाई की और कहा कि रिहायशी सोसायटी में कुबार्नी तभी हो सकती है, जब बृहन मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (बीएमसी) इसके लिए लाइसेंस जारी करे।

हाईकोर्ट ने दिया ये आदेशः कोर्ट ने कहा कि अगर बीएमसी लाइसेंस जारी नहीं करता है तो बीएमसी अधिकारी पुलिस की मदद से अवैध कुबार्नी पर कानून के मुताबिक कार्रवाई करें। वहीं बीएमसी की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील जोएल कार्लोस ने कहा कि बीएमसी अवैध कुबार्नी पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगा सकता है।

बीएमसी के अधिकारी विभिन्न रिहायशी सोसायटी परिसर का निरीक्षण करेंगे और अगर कहीं उल्लंघन पाया गया तो कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेंगलुरु में होगी विपक्षी दलों की बैठक

**नई दिल्लीः एनसीपी** प्रमुख शरद पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया है कि विपक्षी दलों के नेताओं की अगली बैठक 13 और 14 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक के बाद तय किया गया था कि अगली बैठक शिमला में होगी। विपक्षी एकजुटता की हुई महाबैठक में सभी प्रमुख दलों ने एकजुट होकर 2024 की जंग लड़ने पर सहमति जताई थी।

देश में विपक्षी एकता को धार देने के मकसद से 23 जून को पटना में महाबैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में विपक्ष के सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने भाग लिया।

हालांकि, बैठक से कुछ खास निकल कर नहीं आया। जिसके बाद यह तय किया गया कि विपक्षी दलों की अगली बैठक का आयोजन शिमला में किया जाएगा। जिसके बाद शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि बैठक अब शिमला की जगह 13 और 14 जुलाई को बेंगलुरु में होगी।

# अब पायलट पर फैसला लेने की तैयारी में कांग्रेस

**जयपुरः छत्तीसगढ़** में टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाने के बाद अब कांग्रेस हाईकमान राजस्थान को लेकर फैसला करने की तैयारी में है। सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चुनावों से पहले खींचतान मिटाने के फॉर्मूले पर काम लगभग पूरा हो चुका है। अब सचिन पायलट को पद देकर मुख्य धारा में लाने की तैयारी चल रही है। पायलट के सियासी पुनर्वास पर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। इसके लिए तीन विकल्पों पर विचार चल रहा है। राहुल गांधी के मणिपुर दौरे से लौटने के बाद हाईकमान कदम आगे बढ़ाएगा।



फिर शेयरिंग फॉमूर्ला तैयारः कांग्रेस हाईकमान विधानसभा चुनावों का कैंपेन शुरू होने से पहले गहलोत-पायलट का झगड़ा सुलझाना चाहता है। इसके लिए फिर शेयरिंग फॉमूर्ला तैयार किया गया है। अब इसे लागू करने की एक्सरसाइज शुरू हो चुकी है। पार्टी हाईकमान को यह फीडबैक मिलता रहा है कि पायलट खेमे को साथ लिए बिना सरकार के खिलाफ नाराजगी कम नहीं होगी। ऐसे में अब दोनों खेमों को साधकर चुनाव मैदान में जाने का प्लान तैयार किया जा रहा है।

पहला विकल्प पायलट को राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस की सुप्रीम बॉडी कांग्रेस वर्किंग कमेटी का मेंबर बनाने के साथ विधानसभा चुनाव की कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष बनाने का है। इस फॉमूर्ले पर पहले भी चर्चा हुई थी।

इससे विरोधी खेमे को भी ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।

दूसरा विकल्प पायलट को फिर से प्रदेशाध्यक्ष और उनके खेमे के विधायक को डिप्टी सीएम बनाने का है, लेकिन गहलोत खेमा इसका विरोध कर रहा है। इसके लिए कैबिनेट में फेरबदल करना होगा।

## सोमवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में होगी मंत्रिपरिषद की बैठक

# मोदी सरकार सहित संगठन में फेरबदल की अटकलें तेज

**नई दिल्लीः पीएम** मोदी की अध्यक्षता में तीन जुलाई को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी, बैठक प्रगति मैदान में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर में हो सकती है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। वहीं अब सरकार सहित संगठन में फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक संसद के मानसून सत्र से कुछ दिनों पहले हो रही है। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

भाजपा में फेरबदल की अटकलें तेजः वहीं इससे एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष



नेताओं के साथ यहां बैठक की थी। जिसके बाद से ही मंत्रिपरिषद में संभावित फेरबदल की अटकलें तेज हो गई थीं। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में नड्डा की मौजूदगी से सरकार और भाजपा संगठन में बदलाव की अटकलें शुरू हुईं। इसमें पार्टी साल के अंत में होने वाले अहम विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन में बदलाव की संभावना को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में अमित शाह, नड्डा और भाजपा महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने संगठन और राजनीतिक मुद्दों पर कई दौर की चर्चा की है।

इस साल के अंत में होने हैं इन राज्यों में चुनावः गौरतलब है, इस वर्ष के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम में चुनाव होने हैं, जिसको लेकर भाजपा अभी से सक्रिय हो गई है। बुधवार शाम हुई अमित शाह, जे पी नड्डा और बी एल संतोष की हुई पीएम मोदी के साथ हुई बैठक से इसके संकेत मिल रहे हैं।

# सूचनात्मक नीति-निर्माण में सांख्यिकी की अहम भूमिका: राव इंद्रजीत

**नई दिल्ली। केंद्रीय** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन (एमओएसपीआई) मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को कहा कि सूचनात्मक नीति-निर्माण में सांख्यिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने 17वें सांख्यिकी दिवस के मौके पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय संकेतक ढांचे का राष्ट्रीय संकेतक ढांचे के अनुरूप संरेखण विषय पर स्कोप कन्वेंशन



सेंटर, लोधी रोड में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में (दिवंगत) प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान की मान्यता में भारत सरकार ।

**खबर संक्षेप**



### संगीत के क्षेत्र में हैं प्रबल संभावनाएं : एकता

**उतराव।** संगीत एक निश्चित भौतिक प्रक्रिया है जिस प्रकार प्रकृति एवं जगत में प्रकाश व गर्मी का प्रभाव होता है उसी प्रकार संगीत का भी मनुष्य के जीवन में बड़ा सकरात्मक प्रभाव होता है मानसिक व शारीरिक रूप से पीड़ित व्यक्ति के लिए संगीत उस रामबाण औषधि की तरह है जिसका श्रवण पान करते ही तत्कालीन शांति मिलती है उक्त बातें प्रयागराज की प्रसिद्ध गायिका व संगीत अध्यापिका एकता जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। संगीत पर प्रकाश डालते हुए गायिका ने आगे कहा कि ग्रामीण परिवेश में संगीत के क्षेत्र को अभिभावक कम वरीयता देते हैं।संगीत में रुचि व गुण होने के बावजूद बच्चे चाहकर उस क्षेत्र में नही जा पाते और मजबूरी बस जिस क्षेत्र में रुचि न होने के बाद भी इंजीनयरिंग या मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए बाध्य होते हैं।जबकि जागरूक अभिभावकों को सदैव बच्चों के रुचि के अनुसार शिक्षा व सुविधाएं दिलानी चाहिए।जब बच्चों को उनका पसंदीदा क्षेत्र मिलता है तो व अपना सर्वोत्तम करने का प्रयास करते हैं ।अर्थात ग्रामीण परिवेश में अभिवावकों को संगीत के क्षेत्र में जागरूक होने की आवश्यकता है । संगीत वह क्षेत्र है जिसमें आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रबल संभावनाएं हैं चाहे आधुनिक वाद्य यंत्रो की वादकी हो या फिर विभिन्न विधाओं की गायकी हो। अगर आपके अंदर प्रतिभा है तो मंचीय प्रस्तुतियों के अतिरिक्त सरकार भी संस्कार भारती, प्रसार भारती,आकाशवाणी दूरदर्शन व सांस्कृतिक केन्द्रो के माध्यम से विलुप्त हो रही कला नृत्य व गीतो को बचाने के लिए मंच पर प्रस्तुतियों हेतु अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका की सरकार उचित पारितोषिक भी प्रदान करती रहती है।

# समाजिक सौहार्द और भाईचारे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा

अखंड भारत संदेश

## ईदगाह,मस्जिदों में प्रशासन की देखरेख में अदा की गयी ईद की नमाज, मांगी गईं दुआएं, घरों में शुरू हुआ तीन दिवसीय कुर्बानियों का सिलसिला

**कोरांव।** कुरान में जिक्र अल्लाह के संदेशवाहक पैगम्बर हजरत इब्राहीम द्वारा उनकी मोहब्बत में पुत्र इस्माइल के दिये गए बलिदान की याद और सम्मान में इस्लाम धर्म के अनुयायियों द्वारा प्रतीक स्वरूप मनाए जा रहे ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में अदा कर तीन दिवसीय जायज जानवरों की कुर्बानियां देने का सिलसिला अकीदत के साथ शुरू किया गया। समाजिक और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। क्षेत्र के कस्बा कोरांव में नई मस्जिद के ईमाम मौलाना शरफुद्दीन रिजवी ने ईदुल अजहा की नमाज अदा करवाई और कुबार्नी की फजीलत बयान की। पुरानी मस्जिद थाना वाली कस्बा कोरांव, ईदगाह कोरांव, कोसफरा, कपूरी ईदगाह, छड़ीगड़ा, महुली रंगनाथ पहाड़ी ईदगाह, अमिलियापाल, संसारपुर, मुरलीपुर, हनुमानगंज पैतिहा, बड़ोखर बाजार, देवघाट, गोबरी, खजूरी, अल्हवा मस्जिद के ईमाम हाफिज नदीम ने, अमिलियापाल में





मौलाना नूरे नजर आलिम साहब आदि मुस्लिम बस्तियों की मस्जिदों और ईदगाहों में समाजिक सौहार्द और भाईचारे हर्षोल्लास के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई और मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद सम्पन्न मुसलमानों द्वारा कुबार्नी बलिदान स्वरूप पेश की गई जो आगामी दो दिनों तक बदस्तरू जारी रहेगा। थाना पुलिस कोरांव प्रभारी धीरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सुदामा वर्मा पूरी तरह से नजर बनाए हुए थे अकीदतमंदों को ईद की मुबारकबाद पेश की। क्षेत्रीय विधायक कोरांव राजमणि कोल, चेयरमैन कोरांव ओम केसरी समेत सभी राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने घर घर जाकर मुलसमानों को ईद की बधाइयां दी।

## कोराव में शांति व सौहार्द के साथ पढ़ी गई ईद उल अजहा की नमाज

### चेयरमैन ने दी मुबारकबाद कहा आपसी भाईचारा व प्रेम का त्यौहार है बकरीद

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर शांति सुरक्षा व सौहार्द के साथ ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी गई। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद पर्व की बधाइयां दी। कोरांव बाजार के मस्जिद पर नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी ने पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलते हुए उन्हें बकरीद पर्व की दिली मुबारकबाद देते हुए कहा कि बकरीद पर्व शांति सौहार्द व भाईचारे एवं प्रेम के प्रतीक का पर्व है। इस पर्व पर सभी लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं और मुबारकबाद देते हैं। हिंदू समुदाय के लोग मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों पर जाकर खूब से सेंवईयां खाई। ईद उल अजहा के त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए



गए थे। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह दलबल के साथ मस्जिदों का भ्रमण करते रहे। कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय वारदात या घटनाएं नहीं हो सकी। इस दौरान जिला अपराध निरोधक कमेटी के थाना प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र के नेतृत्व में वालंटियर भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से गले मिलकर जहां मुबारकबाद दी वहीं एक दूसरे के घर जाकर सेवई भी खाई। बकरीद के पर्व पर क्षेत्र में हर्षोल्लास व उत्साह देखा गया।

## करछना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में ईद उल अजहा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया



**करछना।** रामपुर स्थित हल्दी पर ईद उल अजहा त्योहार बहुत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर हल्दी कला ,रामपुर ,पुरवा ,करेहा ,कपठुआ, गलुवाबाद, बरदहा, बयवहरा आदि गांवों मे त्यौहार मनाया गया जिसमें लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और बुराइयों की कुबार्नी दे कर नेक काम करने का वादा किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुव इस मौके पर लोगो ने एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारक बाद देते हैं ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया इस मौके पर डॉक्टर गुलाम मुस्तफा, सहजादुल हक, मो अकरम, अमन, आदि लोगों के अलावा सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मौजूद थे।

## शांति- सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद- उल -अजहा



**जारी।** बकरीद की नमाज अदा कर एक-दूसरे को बधाई दी। तत्पश्चात कुबानी की रस्म अदायगी की गई। सामाजिक समरसता व अल्लाह-ताला को अपनी अजीज खुशी कुर्बान कर देने के प्रतीक बकरीद का त्योहार जारी क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर गुरुवार को जारी ,मिश्राबांध, सेमरी, आदि गांवों स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज अदा कर एक-दूसरे को शांति व सौहार्द पूर्वक रहने की बधाई दी। इसके बाद घर आकर इसके लिए पहले से तैयार किए गए जानवरों की अल्लाह के नाम से कुबार्नी दी। इस दौरान अधिकांश ईदगाहों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कौंधियारा थानाध्यक्ष सजंय कुमार द्विवेदी एवं जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र यादव अपने हमराहियों के साथ जारी क्षेत्र में पैदल गश्त किया।

## न्यूज झरोखा

### पटेल चौराहे पर व्यापारी की दुकान में बंधक बनाकर लाखों की हुई लूट



**मेजा रोड।** मेजारोड बाजार के पटेल चौराहे के समीप व्यापारी की दुकान में लाखों की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने व्यापारी को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया। मौके पर थानाध्यक्ष मेजा पुलिस टीम के साथ जांच में जुटे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार के पटेल चौराहे के समीप विजय कुमार जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल व्यापारी हैं और वहीं उनकी जूता चप्पल का शोरूम है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात उनके दुकान के पीछे से घुसे बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर लाखों का माल समेट ले गए। सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय, चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।

### राम प्रताप यादव बने सपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य



**जंघई।** समाजवादी पार्टी गंगापार, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने अपनी नव गठित कार्यकारिणी में चनेथू गांव निवासी राम प्रताप यादव को जिला कार्यकारिणी का सदस्य मनोनित किया है। राम प्रताप यादव से समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने एवं पार्टी को मजबूत करने हेतु अपेक्षा की गई है। राम प्रताप यादव ने केंद्रीय एवं प्रदेश, जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए अपने मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया है तथा समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का आश्वासन दिया है। पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा अमरनाथ मौर्या, विधानसभा अध्यक्ष श्याम सूरत पासी, जिला सचिव राम मूरत यादव, प्रेम यादव, निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष रवि मौर्या, सेक्टर प्रभारी महेंद्र गौतम, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष भगवंत प्रसाद पूर्व प्रधान चनेथू, छोटे लोहिया हरिशंकर यादव, साधु यादव आदि लोगों ने राम प्रताप यादव को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### कौधियारा को निपुण बनाने का लिया गया संकल्प



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र में दिन गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देश के क्रम में प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी,कौंधियारा अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता में विकास खंड कौंधियारा के सभी ए आर पी, शिक्षक संकुल और प्रधानाध्यापकों की ऑनलाइन बैठक की गयी। बैठक में उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर से रफ्क्षसुनील तिवारी भी शामिल हुए और अपने विचारों तथा प्रस्तुतीकरण से शिक्षक संकुलों और प्रधानाध्यापकों को विद्यालय बनाने की कार्ययोजना और उसकी बारीकीयों से अवगत कराए, बैठक में ए आर पी शत्रुघ्न शुक्ल, अनिल कुमार सिंह, विनोद मल्ल और अनुराग पाण्डेय द्वारा स्कूल खुलने के पूर्व अकादमिक स्ट्रेटेजी तय करते हुए 5 पॉइंट टूलकिट का सम्यक प्रयोग करते हुए सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षक संकुलों को अपने विद्यालय और विकास खण्ड को दिसम्बर -2023 तक निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त के अतिरिक्त स्वक्षता अभियान, कायाकल्प, आधार सत्यापन और टव्ट, नामांकन वृद्धि तथा हॉउस होल्ड सर्वे इत्यादि पर भी विस्तारपूर्वक बात की गयी।

### सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजयुमो ने किया जनसंपर्क



**प्रतापपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर महा-जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर उदयवीर प्रजापति के नेतृत्व में देवली शक्ति केंद्र में "घर-घर संपर्क" कार्यक्रम के तहत लोगों से संपर्क किया गया। तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिए लोगों को मोबाइल से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके प्राप्त लिंक को भरने का कार्य हुआ।

### क्षत्रिय समाज को संगठित कर सेवा समर्पण का लिया संकल्प



**नैनी।** नैनी क्षत्रिय कल्याण समिति की मासिक बैठक बुधवार को अवंतिका कालोनी मे रामलीला मैदान के पास सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दिनेश कुमार सिंह व संचालन समिति के महामंत्री रविकरन सिंह ने किया बैठक को सम्बोधित करते हुए गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि हमे अपने महापुरुषो एवं विभूतियों से प्रेरणा लेने हेतु उनकी स्मृति मे स्मारको का निर्माण अथवा स्मारिका का प्रकाशन करना चाहिए, जिससे उनके तप, त्याग, तपस्या के बारे मे भावी पीढ़ी जान सके। वैसे भी क्षत्रिय मात्र जाति नही बल्कि धर्म है जिसका न आदि है न अन्त हैबैठक मे उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज को संगठित व सक्रिय करने का संकल्प लिया। अन्त मे समिति के सदस्य नारायण सिंह की अर्धागिनी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयीबैठक मे सर्वश्री तेज प्रताप सिंह, पंकज सिंह, रवि कुमार सिंह, नारायण सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राजेश सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह, कैलाश नाथ सिंह, आलोक कुमार सिंह, पी पी सिंह, अखिलेश सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

# लाखों की लागत से बनाई गई नई पक्की नाली, समस्या जस की तस





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** वर्षात से सहसों चौराहा से बाजार की मुख्य सड़क पर पानी जमा हो जाने से सड़क ताल तलैया के रूप में दिखाई दे रहा है। सप्ताह भर से बन रहे मौसम के पश्चात दो तीन दिन से थोड़ी थोड़ी देर के लिए वर्षात हुई। जिसके चलते सहसों चौराहे से लेकर सहसों बाजार का मुख्य मार्ग प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर पानी जमा हो गया है। वर्षात के पूर्व ग्राम पंचायत सहसों के कार्य योजना में प्रस्तावित लाखों की लागत से बनाई गई नई पक्की नाली की उपयोगिता बेकार साबित हो रही है। नाली बनाने के बाद भी सहसों मुख्य मार्ग व चौराहे की तरफ मार्ग पर जल जमाव से समस्या जस की तस बनी हुई है। पानी का जमाव सड़कों पर ही हो रहा है जिससे संक्रमण फैलने से लोगों में बीमारी का डर व्याप्त है। वहीं अन्य बनी पक्की नालियों की सफाई न होने से चोक हो जाने के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके चलते वर्षात का पानी सड़कों पर ही जमा हो गया। वहीं पर आसपास के घरों का पानी भी सड़कों पर जाकर जमा हो गया है। इस संबंध में कई बार स्थानीय बाजार वासी नागरिक, स्थानीय दुकानदार एवं गणमान्य व्यक्तियों ने ग्राम प्रधान विष्णू केसरवानी एवं संबंधित अधिकारियों को नाली की सफाई के संबंध में मौखिक तथा लिखित प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। परंतु वर्षा का मौसम शुरू हो गया है। बावजूद इसके संबंधित अधिकारी इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आक्रोशित होते हुए कहना है कि इस मामले में ग्राम प्रधान विष्णू केसरवानी की भेदभाव करते हुए उदासीनता साफ साफ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते लोगों को आवागमन करने में भारी कठिनाई एवं दुकानदारों का धंधा भी चौपाट हो रहा है। स्थानीय लोगों में जलजमाव तथा नाली की सफाई न होने के कारण ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

## बारिश में ताल तलैया बनी अनुवां चनेथू महरछा संपर्क मार्ग



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की कई ग्रामीण सड़कें वर्षों से मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ध्यान नही दे रहे हैं।रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, महरछा- पांडेयपुर आदि सड़कें मरम्मत के अभाव में पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उपरोक्त सड़कों की मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। दो जिलों को जोड़ने वाली सड़को की भी मरम्मत नही हो रही है।जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाए कोई सुनने वाला नही।

## कौंधियारा के कैथा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की हुई मौत





**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के कैथा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत। देशराज यादव के पुत्र अनमोल 10 वर्ष बगीचे में आम बीनने के लिए गया हुआ था तभी आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आने से मौत हो गई। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया।

# मंदिर के पुजारी ने गरीब कन्या की कराई शादी,किया कन्यादान, दिया आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मंदिर के पुजारी ने गरीब कन्या की शादी कराकर वर -वधू को आशीर्वाद देते हुए एक मिशाल पेश की है।पुजारी ने क्षेत्र के समाजसेवी का चोला पहने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि गरीबों की सेवा ही सच्ची समाजसेवा है। विकास खंड मेजा अंतर्गत भटौती पहाड़ी पर स्थित प्राचीन पहड़ी महादेव मंदिर के पुजारी आचार्य बृज बिहारी दास महाराज ने गरीब कन्या का हिंदू रीति रिवाज से विवाह कर उसे आशीर्वाद दिया है।दरअसल हंड़िया की रहने वाली युवती जो अपनी मां के साथ पहाड़ी महादेव प्रांगण में पिछले कई सालों से दुकान लगाया करती थी। उसके पिता का स्वर्गवास हो चुका है। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा था। युवती की मां मंदिर के पुजारी बृज बिहारी दास से बेटी की शादी के लिए सहयोग की अपेक्षा की, जिसे संज्ञान लेते हुए मंदिर के पुजारी ने मंदिर प्रांगण में ही बेटी की शादी कर कन्यादान करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि पिता का साया सिर से उठ जाने के कारण आजीविका चलाना मुश्किल हो रहा



था तथा बेटी की शादी में भी अड़चन आ रही थी।उन्होंने कहा कि बेटी की शादी करके आशीर्वाद दिया है और जो भी सहयोग हो सका लोगों के सहयोग से किया गया। वही मंदिर के पुजारी के द्वारा बेटी के विवाह संपन्न होने के बाद लोगों ने उनकी जमकर सराहना की है।

## सरकारी गवाह नीरज पर हमला होने के बाद जांच में मिला 15 बोर का कट्टा

**जारी।** विकासखंड कौंधियारा से भभोखर मार्ग पर सरकारी गवाह नीरज शुक्ला पर हुए हमले के प्रशासनिक जांच में 15 बोर का कट्टा कारतूस का खोखा बरामद हुआ जिसकी पुष्टि थाना कौंधियारा ने किया है! कहा जाता है कि हमलावर भभोखर गांव के रहने वाला राकेश चौधरी है जो पहले से भी कई अपराधिक मामलों में जेल जा चुका है सूत्रों की माने तो हमलावर राकेश चौधरी अपने साथियों के साथ सरकारी गवाह नीरज शुक्ला को जान से मारने के लिए कई दिनों से तलाश कर रहा था वही 2 दिन पूर्व बीती रात में राकेश चौधरी अपने साथियों के साथ रात्रि लगभग 10:00 बजे सरकारी गवाह नीरज शुक्ला पर हमला किया जिस हमले में राकेश चौधरी खुद घायल हो गया जिसमें कहा जाता है कि 15 बोर के कट्टे से कई बार फायरिंग भी किया गया बता दे जिसकी सूचना सरकारी गवाह नीरज शुक्ला ने थाना कौंधियारा को अवगत कराया सरकारी गवाह नीरज शुक्ला का कहना है कि ?200000 35 एंड्राइड फोन आधार कार्ड पैन कार्ड अथवा चार एटीएम कार्ड भी बोलोरो गाड़ी में रखा गया था जिसकी जानकारी थाना कौंधियारा को दे दिया गया था लेकिन ।..१. होने के बाद भी पैसा और एटीएम कार्ड अथवा मोबाइल की पुष्टि थाना कौंधियारा झूठ मान रही है सरकारी गवाह नीरज शुक्ला के बार-बार कहने के बावजूद थाना कौंधियारा गायब हुआ पैसा और सामान को झूठा बता रही है लेकिन सरकारी गवाह का कहना है दुकान बंद करने के बाद पैसा एंड्राइड मोबाइल बैग में रखकर बोलेरो में रखा था जिसका सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है।

# तालाब से जल निकासी व्यवस्था हेतु गठित टीम ने उपजिलाधिकारी को सौंपी रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

### वैदवार गांव का मामला, नहीं है जल निकासी की व्यवस्था, फसलें हो जाती हैं बर्बाद

**रत्योरा।** तालाब के पानी के निकासी की व्यवस्था न होने से तालाब भरने पर काश्तकारों के खेत में पानी खोल दिया जाता है, जिससे फसलें बर्बाद हो जाती हैं। मामला बैदवार गांव का है। तहसील जाने वाले मुख्य मार्ग के बगल में स्थित तालाब संख्या 506 के पूर्वी भाग से तकरीबन पांच किलोमीटर दूरी तक का वर्षा एवं नहर का पानी तालाब में आता है। लेकिन पश्चिमी व उत्तरी भाग में निकासी की व्यवस्था न होने से काश्तकारों के खेत में पानी खोल दिया जाता है। जिससे गेहूं व धान की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। बैदवार गांव के काश्तकार बेंकटेश नारायण पांडेय ने एसडीएम से शिकायत कर तालाब से जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग की थी। जिस पर एसडीएम ने पांच सदस्यीय टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी थी। टीम में शामिल नायब तहसीलदार डैय्या अनिल कुमार, राजस्व निरीक्षक पृथ्वीराज, लेखपाल अनुज कुमार, गया शंकर कनौजिया, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने स्थलीय भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में टीम ने बताया है कि तालाब के पश्चिमी छोर से चकमार्ग संख्या 502 एवं 470 से जोड़ दिया जाए तो पर्याप्त मात्रा में पानी का निकास किया जा सकता है। टीम ने बताया है कि तालाब के उत्तरी व पूर्वी किनारे पर एक साएफन निकासी हेतु लगाई गई थी अतिरिक्त जल निकालकर लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित नाले से पानी निकालकर लपरी नदी में जाता था, परंतु कोराव ड्रमंडगंज रोड बनाते समय उसे बंद कर दिया गया है। यदि रोड में साएफन लगवा दिया जाए तो जल निकासी हो सकती है। टीम ने तीसरा आप्सन यह बताया है कि पूर्वी भाग में प्राइमरी स्कूल के उत्तरी भाग से मुख्य गेट से होकर एक नाला के माध्यम से जल निकासी की जाती थी, परंतु सड़क के किनारे मकान बनाते समय कुछ लोगों द्वारा लगभग 70 मीटर तक नाले में मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। जिसे खुलवा कर पुलिया से पानी की भारी मात्रा में निकासी हो सकती है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस रिपोर्ट के बाद भी मौके पर कुछ लोगों के द्वारा जल निकासी की व्यवस्था करने से रोका जा रहा है। शिकायतकर्ता किसान ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की है।

# रीवा में पिकनिक पर गए 4 व्यापारियों की मौत

## मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ हादसा बेकाबू कार 30 फीट गहरी खाई में गिरी

**अखंड भारत संदेश**









**प्रयागराज।** प्रयागराज के व्यापारियों की कार मध्य प्रदेश के रीवा में 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 4 व्यापारियों की मौत हो गई। जबकि 1 गंभीर घायल हैं। उन्हें रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ये लोग प्रयागराज से 90 किमी. दूर रीवा के क्योटी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने जा रहे थे। इसी दौरान बुधवार दोपहर गढ़ इलाके के देवास बुधवार सुबह साढ़े दस बजे प्रयागराज के 10 लोग 2 कार में सवार होकर क्योटी फाल के लिए निकले थे ये सभी दोपहर करीब 1 बजे रीवा के दोपहर गढ़ इलाके में देवास मोड़ पहुंचे। इसी बीच, तेज रफ्तार क्रेटा कार बेकाबू होकर पलट गई। कार सड़क किनारे सीधे 30 फीट गहरी खाई में जाकर गिरी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची साथियों की मदद से सभी घायलों को सिरमौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां डॉक्टरों ने 4 को मृत घोषित कर दिया। रीवा के एसपी विवेक सिंह ने बताया कि 1 घायल को प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है। हादसे की खबर प्रयागराज पहुंचते ही, दोस्त और रिश्तेदार रीवा के लिए रवाना हुए। चारों व्यापारियों के घर में मातम छा गया हादसे में मरने वालों में प्रापर्टी डीलर पंकज जायसवाल, गिट्टी सप्लायर मनीष जायसवाल, सत्यजीत चटर्जी और सुपाड़ी कारोबारी शिवम केसरवानी शामिल हैं पंकज कीडगंज में रहता था। मनीष मुट्ठीगंज की बरगद वाली गली, जबकि शिवम कोठापार्चा डी रोड पर रहता था। ये तीनों अपने 7 अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए निकले थे। 5 क्रेटा कार, जबकि बाकी दूसरी कार में सवार थे इस हादसे में जान गंवाने वाले शिवम केसरवानी कोठापार्चा के केशव प्रसाद के इकलौते बेटे थे। उनका सुपारी का बड़ा कारोबार है। शिवम की 3 बहनों की शादी हो चुकी है। उसकी शादी परिवार कराना चाहता था। मगर हादसे में उसकी जान चली गई। जिस क्रेटा से हादसा हुआ, वो शिवम की ही थी कीडगंज के पंकज जायसवाल अपनी पत्नी पूजा, बेटी वैभवी के साथ रहते थे। वो प्रापर्टी डीलर थे। परिवार में उनके बड़े भाई नीरज और छोटे भाई अनुज हैं। सभी इस हादसे से हतप्रभ हैं। रात में ही उनके घर पर रिश्तेदार पहुंच गए थे रीवा के संजय गांधी अस्पताल में रात करीब 9 बजे पंकज जायसवाल, मनीष जायसवाल और सत्यजीत चटर्जी के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद तीनों शवों को प्रयागराज के लिए भेज दिया गया। शिवम केसरवानी का शव फिलहाल सिरमौर सिविल अस्पताल में रखा है जहां पोस्टमॉर्टम की तैयारी की जा रही है।

## बदला मौसम का मिजाज, झमाझम बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

### प्रयागराज में आकाशीय बिजली ने ली तीन की जान

**नैनी।** नैनी प्रयागराज में मौसम खुशगवार हो गया है किस्तों में ही सही लेकिन पूरे जिले में रह रह कर बारिश की फुहार धरती को भिगो रही है। शहरी क्षेत्र हो या गंगापार या अरथवा यमुनापार का इलाका, हर जगह अलग-अलग समय पर थोड़ी देर सही लेकिन झमाझम बारिश हुई हालांकि जून के आखिरी और जुलाई के पहले सप्ताह में किसानों को जिस बारिश की उम्मीद होती है अभी उसका इंतजार है, लेकिन बारिश की शुरूआत होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलनी शुरू हो गई है। सूरज का बढ़ रहा तापमान धीरे-धीरे नीचे आने लगा है मौसम विभाग ने भी अगले दो-तीन दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की उम्मीद जताई है हालांकि इस दौरान आकाशी बिजली ने तीन लोगों की जान भी ले ली, जो दुखद रहा प्रदेश के गर्म शहरों में शामिल प्रयागराज में 28 जून से बारिश की शुरूआत हो चुकी है 28 जून को सुबह से ही यमुनापार के घूरपुर गौहनिया इलाके में बारिश शुरू हुई शाम होते-होते जारी कौंधियारा करछना खीरी कुरान मेजा मांडा शंकरगढ में भी झमाझम बारिश हुई। 29 जून को भी सुबह से ही बादलों के पीछे सूरज छिपा रहा बारिश की शुरूआत शहरी षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल तक हुई किस्तों में हो रही बारिश लोगों को गर्मी से राहत दे रही है। हालांकि नर्सरी तैयार करने से लेकर खेत तैयार करने की योजना बना रहे किसानों को अभी जरूरत के मुताबिक बारिश का पानी नहीं मिला है इन जगहों पर हुई बारिश 29 जून को यमुनापार के नैनी, औद्योगिक क्षेत्र, करछना, सेमरी, कर्मा, पतेवरा, जसरा, बारा, लोहगरा, जारी, नारीबरी, खीरी, कोरांव, कौंधियारा में झमाझम बारिश हुई। इसी तरह गंगापार के फाफामऊ, सोरांव, थरवई, मनसैता, गोड़वा, पांडेश्वर धाम, होलागढ़, नवाबगंज, कौड़िहार, मऊआइमा, मंसूराबाद, बहरिया इलाके में भी बारिश ने मौसम को खुशनुमा कर दिया बिजली गिरने से तीन लोगों की हुई मौत यमुनानगर के कौंधियारा थाना अन्तर्गत कैथा गांव में अनमोल यादव (12) पुत्र देशराज यादव 12 वर्ष शाम को आम के बाग में आम लेने गया था। तभी अचानक तेज बारिश के साथ पुराने आम के पेंड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी जद में आने से अनमोल के मौके पर ही मृत्यु हो गयी इसकी सूचना जब घर हुई तो कोहराम मच गया। नगर के धूमनगंज थानांतर्गत महिला ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने से 16 साल की लड़की प्रियंका गंभीर रूप से झुलस गई। उसे स्वरूपरानी नेहरू हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी हो गई इसी क्रम में करेली थाना अंतर्गत जलालपुर गांव में बुधवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से गुड्डू 22 वर्ष की झुलस कर मौत हो गई मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक 30 जून को मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई है साथ ही लोगों को इस दौरान सतर्कता बरतने को कहा गया है खासकर सड़क पर वाहन चलात समय ध्यान देने को कहा गया है।

# प्रो. रामगोपाल यादव हैं राजनैतिक संत: नरेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**



सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्म दिन संगम तट पर यज्ञ हवन, भंडारा वस्त्र वितरण कर मनाया गया

**प्रयागराज।** समाजवादी विचारक राज्य सभा सांसद सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का ७७वां जन्मदिन बृहस्पतिवार को संगम तट पर स्थित यज्ञशाला मे पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ हवन करके साधु संतों व जरुरतमंदों को भोजन,फल तथा वस्त्र वितरित कर अपने नेता के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु का आशीर्वाद मांगा। श्रीपीठम् के पीठाधीश्वर १०८ श्री योगीराज रमेश जी महाराज के मार्गदर्शन एवं कई विद्वानों के आचार्यत्व मे सम्पन्न हुए यज्ञ भण्डारा तथा वस्त्र वितरण के आयोजक सपा के वरिष्ठ नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना किया तथा उपस्थित सभी साधु संन्यासियों से राम गोपाल यादव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु का आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव राजनैतिक संत हैं। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन मे वाणी और व्यवहार के संयम का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। सबको सम्मानजनक संबोधन के साथ,सबके प्रति संवेदनशील होना प्रोफेसर साहब की सबसे बड़ी सहजता है। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव कर्म और मयार्दा के संगम हैं। प्रोफेसर साहब का मानना है कि राजनैतिक व्यक्ति को साधु स्वभाव का होना चाहिए, तथा हर हमेशा जन कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर आगमाचार्य 108 योगिराज श्री रमेश जी महराज, श्री महंत बृज भूषण दास जी, लक्ष्मण दास जी, आर. एन. यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, महंत रामदास जी, हिमांशु सिंह,बृज किशोर महराज,भरत महराज, सुरेश दास, रामकुमार दास सहित सैकड़ों की संख्या में साधु, संत एवं राजनैतिक तथा सामाजिक लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी का जनपद प्रयागराज का भ्रमण कार्यक्रम आज

**प्रयागराज।** माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी दिनांक 30 जून, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे प्रयागराज आयेंगे। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी पूर्वान्ह 11:10 बजे से अपरान्ह 12:20 तक प्रधानमंत्री शहरी आवास, लूकरगंज का लोकार्पण एवं आज प्रेस ग्राउण्ड, लूकरगंज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 12:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# छतनाग में डूबा किशोर,नागेश्वर घाट पर मिला शव



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के छतनाग घाट पर शुक्रवार शाम को दादी के अंतिम संस्कार के बाद नहाते समय गंगा में डूबे मां बाप के इकलौते बेटे 14 वर्षीय अभिजीत पटेल की लास शनिवार छतनाग से आगे नागेश्वर घाट के समीप से बरामद कर ली गई। इससे पहले एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने अभिजीत को खोजने के लिए नीबी गांव के सामने तक जाल डाला था। कई घंटे की मशक्कत के बाद उसकी लाश को बाहर निकाला जा सका।गंगानगर के उतरांव थाना अंतर्गत याकूबपुर गांव निवासी मूलचंद की मां मुनराजी देवी (75) कि शुक्रवार को मौत हो गई थी। शाम को परिवार के साथ मूलचंद अपनी मां का अंतिम संस्कार करने के लिए झूसी थाना क्षेत्र के छतनाग घाट पर पहुंचे थे। घाट पर मुनिराजी देवी का अंतिम संस्कार करने के बाद सभी लोग बगल में गंगा स्नान करने लगे। स्नान के दौरान मूलचंद पटेल का इकलौता बेटा 14 वर्षीय अभिजीत कुमार गंगा की गहराइयों में समा गया था। अंधेरा होने की वजह से शुक्रवार को गोताखोर एसडीआरएफ की टीम उसे नहीं खोज पाई थी।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा :** जल पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर कड़ेदीन यादव ने बताया कि शनिवार को अभिजीत पटेल की लाश छतनाग घाट से आगे नागेश्वर घाट के समीप से बरामद कर ली गई। तकरीबन 3 किलोमीटर तक जाल डाली गई थी। नीबी गांव के सामने तक गोताखोरों ने उसकी खोजबीन की थी। इकलौते बेटे की लाश मिलते ही परिवार और खासकर मूलचंद एवं उनकी पत्नी दहाड़ मार कर रोने लगे। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## बुधवार देररात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ब्रांच पोस्ट मास्टर की मौत, घर में कोहराम

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत मिजार्पुर राजमार्ग पर बुधवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से डाकघर के सब पोस्टमास्टर की मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक तुलसी का पूरा निवासी, रामपुर निवासी सुनील कुमार (31) पुत्र चंद्रमा प्रसाद करछना के सब डाकघर अरई में ब्रांच पोस्टमास्टर था। बुधवार देर रात वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में ईंधन भरवाकर वापस लौट रहा था। उसी बीच अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची, कोहराम मच गया। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनील का विवाह नहीं हुआ था। तीन बहन और दो भाइयों में वह सबसे छोटा था। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद मनइया घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## शांतिपुरम मे फोर लेन फ्लाई ओवर ब्रिज का विधायक ने किया भूमि पूजन

**फाफामऊ।** गोहरी रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए 146 करोड़ की लागत से 750 मीटर के फोर लेन की आरओबी के निर्माण हेतु प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गुरुवार को शहर उत्तरी के विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। उन्होंने कहा कि आरओबी एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। जिससे लोगों को जाम की समस्या समाप्त होकर कई जिलों से आने वाले लोग लाभान्वित होंगे। आगामी कुम्भ मेला में भी इस आरओबी की उपयोगिता साबित होगी। कार्यक्रम का संयोजन विधायक प्रतिनिधि अरूण शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शांतिपुरम पार्षद सुरेन्द्र यादव, गोहरी पार्षद सूबेदार भारतीय, राम कुमार यादव, सोनू जायसवाल, राम मूर्ति, हरषु मिश्रा, आलोक पाण्डेय, उमेश तिवारी, विमल मिश्रा,अनुराग पाण्डेय, राहुल शुक्ला, अमित मिश्रा, अजय मिश्रा, आशुतोष तिवारी, श्याम बाबू , विनय गुप्ता सेतु निर्माण निगम से परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार सहायक अभियंता एसपी सिंह, अवर अभियंता अजीत कुमार कुशवाहा मौजूद रहे।

# नैनी के वृद्ध आश्रम का हुआ औचक निरीक्षण, मिली खामियां





**अखंड भारत संदेश**

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के बालकृष्ण गोयल स्पेशल मॉनिटर द्वारा निरीक्षण किया गया

**नैनी।** नैनी आधार शिला वृद्ध आश्रम नैनी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के बालकृष्ण गोयल स्पेशल मॉनिटर द्वारा निरीक्षण किया गया। वृद्धजनों से वार्ता करते हुए मानवाधिकार के बारे में बताया गया की अनुच्छेद 21 के अंतर्गत इंसान की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का प्रावधान है वृद्धजनों से वृद्धाश्रम अंतर्गत समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें मोहम्मद नन्हे लल्लू एवं रामकिशन वर्मा ने बताया की मेरे साथ मारपीट की घटना हुई, जिसकी कार्यवाही हेतु गोयल तुरंत कोतवाल को बुलाकर कार्यवाही का निर्देश दिया। स्टोर रूम का निरीक्षण करने में पाया गया की सब्जी मसाले चाय की पत्ती बिस्किट सभी एक्सपायरी डेट की है, जिसका सैंपल स्वयं गोयल ने सील करवा कर जांच के निर्देश दिए हैं दैनिक वस्तु साबुन मंजन तेल आदि की वितरण का निर्देश देते हुए कहां की किसी भी प्रकार की वृद्धजनों को कठिनाई नहीं होनी चाहिए प्रबंधक ने अवगत कराया की संस्था प्रमुख स्वयं प्रबंधकीय कार्य संपादित कर रहे है जिसकी वजह से इस तरह की समस्याएं वृद्ध आश्रम में उत्पन्न हो रही हैं। सभी वृद्ध जनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि निरीक्षण हेतु समय-समय पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। आप लोग भयमुक्त होकर वृद्धाश्रम में निवास करें। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, पर्यवेक्षक समाज कल्याण आरएस वर्मा, शीतला श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, राम अंशु आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बकरीद : पुलिस प्रशासन एवं जिला अपराध निरोधक कमेटी यमुनानगर यूथ टीम भी मुस्तैद रही



**नैनी।** नैनी बकरीद के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह एवं मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और साथ में जिला अपराध निरोधक कमेटी यमुनानगर यूथ टीम भी मुस्तैद रही। बृहस्पतिवार बकरीद उल अजहा के मौके पर बकरीद की नमाज अदा की गई इस बीच मुसलमान भाइयों ने मुल्क में अमन और शांति के लिए मांगी दुआएं जिसमें विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में बकरीद की नमाज के बीच सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नैनी पुलिस प्रशासन के साथ जिला अपराध निरोधक कमेटी यमुनानगर यूथ टीम ने मिलकर अपनी सेवा प्रदान की जिसमें पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी बृजेश सिंह ए डी ए चौकी प्रभारी जन्मेजय एसआई प्रेम प्रकाश सिंह, साथ में पुलिस बल तैनात थी वहीं प्रशासन के साथ जिला अपराध निरोधक समिति यमुनानगर युथ टीम की ओर से युथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा,कार्यक्रम अधिकारी समीर खान,क्षेत्रीय कमेटी प्रभारी सोनू भारतीया, तौसीफ खान,मोहम्मद शनवर, मोहम्मद आवेश सुजीत कुमार गौतम,लक्ष्मीनारायण गौतम,अरविंद दुबे, बलराम मिश्रा आदि सदस्यगण यूथ प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रहे।

### ईद उल अजहा की नमाज को कराया सकुशल संपन्न



**नैनी।** नैनी पुलिस अधीक्षक यमुना नगर उप जिला अधिकारी करछना एवं एसीपी करछना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नैनी के आदेश अनुसार बृहस्पतिवार को ईद उल अजहा पर्व के अवसर पर विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र ,के प्रभारी अभयराज सिंह के आदेशानुसार एसपीओ टीम नैनी के ईदगाह जमा मस्जिद, चकदोंदी के मस्जिद एवं अरैल क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर ईद के नमाज को सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग किए साथ ही भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को भी नियंत्रित किया गया उपस्थित अधिकारियों में प्रभारी अभय राज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, एरिया इंचार्ज संजीव, एरिया इंचार्ज रमेश केसरवानी, एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार, मयंक कुमार, राम जी, धर्मराज पटेल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### इबादद के बाद हुई कुबार्नी, निगरानी में लगी रही पुलिस

**झूंसी।** कुबार्नी के त्यौहार ईद उल अजहा पर गुरुवार क्षेत्र भर की मस्जिदों में अल्लाह की बारगाह में लोगो के सिर सजदे में झुके। इबादद के बाद कुबार्नी का शिलशिला शुरु हुआ। लोगो के घरों में स्वादिस्ट पकवान बने थे। झूंसी कनिहार की जामा मस्जिद, अनवर मार्किट मस्जिद, नई झूंसी ईदगाह, हवेलिया पुरानी मजार, मलावा मस्जिद सुबह बकरीद की नमाज अदा हुई जहा देश के अमन जैन के लिए दुआ मांगी गई। जिसके बाद कुबार्नी हुई। लोगो के घरों में सेवई के साथ एक से बढ़ कर एक स्वदिष्ट पकवान बने थे। मुस्लिम इलाको में सुबह से शुरू हुई चहल पहल देर रात तक देखी गई। मुस्लिम मोहल्लों में पुलिस मुस्तेद रही वही झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह फोर्स के साथ क्षेत्र में गस्त करते रहे।

# देश में सबसे ज्यादा लंबी दूरी की होगी प्रयागराज-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज से सहारनपुर के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत सीरीज की देश में सबसे ज्यादा लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी। वाया लखनऊ होकर चलाए जाने वाली यह ट्रेन कुल 769 किमी का सफर तय करेगी। वर्तमान समय सबसे लंबी दूरी तय करने वाली वंदे भारत वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चल रही है। खास बात यह है कि वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत भी प्रयागराज के ही रास्ते संचालित हो रही है, जबकि सहारनपुर वंदे भारत भी प्रयागराज तक ही आएगी।पिछले सप्ताह ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सहारनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सहारनपुर से प्रयागराज के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का एलान किया। ट्रेन का लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होकर चलना तकरीबन तय है। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से सहारनपुर तक यह रेलमार्ग कुल 769 किमी लंबा है। इस ट्रेन के संचालन की तिथि और शेड्यूल रेलवे बोर्ड द्वारा किसी भी दिन घोषित किया जा सकता है।प्रयागराज और सहारनपुर के लिए यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन रहेगी। प्रयागराज से होकर से वाराणसी-नई दिल्ली एवं सहारनपुर के रास्ते देहरादून-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन मौजूदा समय हो रहा है। इसमें कुल तीन वंदे भारत ही वर्तमान समय 700 किमी या उससे ज्यादा दूरी का सफर तय कर रही हैं। इसमें नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत 757 किमी, सिकंदराबाद-विशाखापट्नम 703 किमी और भोपाल-नई दिल्ली वंदे भारत 701 किमी का सफर तय कर रही हैं। सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन को लेकर उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय का कहना है कि बोर्ड से ही तय होगा कि ट्रेन कब शुरू होगी।

## कटिया के सहारे चला रहे थे एसी, 26 के खिलाफ केस दर्ज

**नैनी।** नैनी में बिजली चोरी पर रोक लगाने की दिशा में चल रही छापेमारी में नैनी उपकेंद्र के तहत 26 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। नैनी उपकेंद्र के एसडीओ नितिन बरनवाल और दूसरे अधिकारियों की टीम ने बुधवार को चक दाऊद नगर, शाह का पूरा, एडीए कॉलोनी, जवाहर नगर में चेकिंग अभियान चलाया अभियान के दौरान कई लॉज में कटिया के सहारे एसी चलाते पाया गया। विभागीय अधिकारियों ने बिजली चोरी करने वाले 26 लोगों पर 40 किलोवॉट का लोड दर्ज करते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। टीम में अवर अभियंता अमित राय, मोहित कुमार, मुनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## इतिहास के पन्नो में दर्ज होंगे मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल



**सिरसा।** मेजा विधानसभा ब्लाक उरुवा एवं सिरसा मंडल के कई बूथों पर जाकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव दत्त पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क कर उनसे समर्थन मांगा गया। उनको मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यकाल के विषय में बताया गया। कोरोना महामारी के दौरान में हमारी "मेक इन इंडिया पहल की शक्ति भी पूरी दुनिया के सामने आयी। भाजपा के द्वारा विकसित कोविशिल्ड और कोवेक्सिन कि पूर्ति सौ से अधिक देशो को की गयी। भाजपा सरकार में अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रमों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया मिशन, बस्तियो में रहने वाले को जरूरतों को पूरा करने के लिए पीएम आवास योजना और गरीब परिवारों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करने वाली आयुष्मान भारत योजना और पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज शामिल हैं। एवं उनको टोपी और पट्टा पहना कर और नौ साल बेमिसाल की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ,भाजपा नेता अमलेश बाबा,भाजपा जिला संयोजक आशीष सिंह ने कहा कि मोदी जी सरकार के पिछले नौ वर्षो में कई मोर्चो पर भारत के विकास और परिवर्तन के साषी रहे हैं। सरकार के सतत प्रयासों से लाखों भारतीयों के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आये है।,नरेन्द्र तिवारी भाजपा नेता, पूर्व जिला महामंत्री प्रहलाद तिवारी, युवा मोर्चा पूर्व जिला मंत्री अजीत मिश्रा, अनूप शुक्ला,दिनेश तिवारी किसान मोर्चा जिलामंत्री,विजय कांत आदि बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिले में शांति और सौहादपूर्वक मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

## जिला जज सहित भारी संख्या में लोग ईदगाह में अदा की नमाज



ईदगाह मे नमाज अदा करते लोग।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व जिले में शांति व सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही लोग एक दूसरे को वाट्सअप पर बकरीद की मुबारकबाद रहे थे। फिर नये वस्त्र पहनकर बच्चे, बूढे, जवान सभी लोग ईदगाह और मस्जिदों की ओर निकल पडे।

गुरुवार की प्रातः साढ़े आठ बजे ईदगाह में बड़ी संख्या में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने वालों में प्रतापगढ़ के जिला जज अब्दुल शाहिद ने भी बकरीद की नमाज अदा की। वहां उपस्थित जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जिला जज अब्दुल शाहिद को बकरीद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी नगर सहित भारी पुलिस बल तैनात था। इस मौके पर नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील भी मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के सभी मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में बकरों की कुबार्नी दी। पूरे जिले में शांति और सौहार्द का वातावरण रहा। ईदगाह में मेले का आयोजन किया गया था जहां बच्चों ने मेले का आनंद उठाया। घरों में खास डिष सेंवई का भी लोगों ने खूब आनंद उठाया। सुरक्षा बल की दृष्टि से हर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किये गये थे।



ईदगाह में नमाज के दौरान मौजूद जिला जज, डीएम, एसपी।

## मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों मे अदा की नमाज

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां, अस्थान अंसारगज, कालाकांकर, बाजिदपुर, आलापुर परसई आदि जगहों पर गुरुवार की सुब ईद- उल-अजहा (बकरीद) के पर्व पर मुस्लिम भाइयो ने सुबह नमाज अदा किया जिसमे परियावां मे चार मस्जिदों व मदरसा मे हाफिज समसुल आरफीन, मो0 हाफिज शरीफ, मो0 आजम, मो0 आलम व मो0 कारी निसार ने नमाज अदा कराई। मौसम का मिजाज खराब होने पर खुले मे नमाज अदा नही हो सकी जिस पर मुस्लिम भाइयो ने परियावां के मस्जिदों व मदरसा मे नमाज अदा किया।

अल्लाह ताला से अपने परिवार के साथ क्षेत्र व मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज अदा होने के बाद एक दूसरे को बकरीद की मुबारक बाद दी। मुस्लिम भाइयो के घरों में महिलाओ व छोटे छोटे बच्चो ने भी बकरीद की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। मस्जिदों मे बकरीद की नमाज अदा होने के समय नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, अनूप कुमार अपने महिला व पुरुष सिपाही के साथ सभी मस्जिदों का अलग अलग टीम बनाकर भ्रमण करते रहे। शांति पूर्ण ढंग से नमाज अदा होने पर राहत की सांस ली।

## अमन और शांति के साथ अदा की गई ईद उल-अजहा की नमाज

अखंड भारत संदेश



नमाज अदा कर मस्जिद से बाहर निकलते नमाजी।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सदहा शाह बस्ती के गौसिया मस्जिद में इमाम अली अहमद हाफिज व कारी के पीछे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। आज के दिन दुनिया भर के मुसलमान अल्लाह के राह में अपने गुलामी का सबूत देते हुए अल्लाह के राह में हजरत इब्राहिम अलैहिस्लाम की सुन्नत को अदा करते हुए भेड़ व बकरे की कुबार्नी देकर अल्लाह से अपनी गुलामी का सबूत पेश करते हैं। इस दौरान मोहम्मद हनीफ, अलाउद्दीन, इसराइल, जैनुल आब्दीन, जहांगीर, वली मोहम्मद, फूल मोहम्मद, फरियाद अली, उमर अली, अपसर अली, अनवर अली, सब्बीर अली, भांजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम, नवाब अली, रियासत अली आदि लोग मौजूद रहे तो वहीं पर सभी मुस्लिम भाई एक दूसरे से गले मिलते हैं और एक दूसरे के यहां जा कर सेवई पीते है और सब को मुबारक बाद देते हैं।

# रोडवेज बस व पिकप की भिड़न्त में पिकप चालक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर बुधवार की रात लगभग 8 बजे मानिकपुर की ओर जा रही पिकप गाड़ी व सामने से आ रही रोडवेज की आमने सामने भिड़न्त मे पिकप गाड़ी के चालक की मौत हो गई।

घटना के बारे मे नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना क्षेत्र ऊंचाहार के चक मिलिक गांव निवासी रमेश यादव पुत्र जगतपाल यादव (45) वर्षीय बुधवार की रात लगभग 8 बजे पिकप गाडी चलाकर मानिकपुर की तरफ जा रहा था कि मानिकपुर की तरफ से लखनऊ की ओर जा रही रोडवेज बस की थाना क्षेत्र के मुशी ढाबा बादू का पुरवा गांव के सामने पिकप व रोडवेज बस की आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो गई जिसमे पिकप चालक रमेश यादव स्टेरिंग मे फस गया जिसे काफी प्रयास करके बाहर निकाल कर सीएचसी कालाकांकर भेजा गया जहा गंभीर रूप से घायल रमेश यादव को चिकित्सको ने मृत घोषित कर घटना। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग अस्पताल पहुँच गये और शव देख चीख पुकार मच गई मृतक के दो बेटे है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है रह रहकर अपने पति की याद मे बेसुध हो जाती है।



रोडवेज बस व पिकअप की हुई भिड़ंत।

पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी मे शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। उधर घटना स्थल पर थोड़ी देर के लिए आवागमन बाधित हो गया मौके पर मौजूद नवाबगंज पुलिस ने जल्द ही आवागमन बहाल किया और रोडवेज बस के यात्रियों को दूसरी बस से अपने गतव्य के लिए पुलिस ने रवाना किया।मृतक के भाई परमेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ 279/304 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया। घटना स्थल पर रोडवेज बस व पिकप गाडी पुलिस की निगरानी मे खड़ी है जिसे थाने में दाखिल करने की कारवाई की जुटी हुई है।

## दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज प्रतापगढ़।** वाहन की टक्कर से युवक की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयुपर थाना के राहाटीकर निवासी नंदलाल पाल ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को उसका पुत्र बृजेश पाल 24 बाइक से दिन में एक बजे गौरीगंज जा रहा था। सेमरा गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इलाज के लिए परिजन बृजेश को मेडिकल कालेज ले जा रहे थे कि रास्ते मे उसकी सांसे थम गयी। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गुरूवार को मृतक बृजेश के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेजवाया। वहीं युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा है।

# व्यापार मण्डल ने मुख्यमंत्री को भेजा आभार पत्र

अखंड भारत संदेश



आभार पत्र भेजने के दौरान व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि व्यापारी समाज के प्रेरणास्त्रोत भागाषाह की जयंती को षिक्षक दिवस, श्रमिक दिवस आदि की तर्ज पर व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। व्यापार मण्डल ने कहा कि 26 व 27 जून को प्रदेष की सभी इकाईयों द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया था जिसे मुख्यमंत्री द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में घोषित करने पर व्यापार मण्डल द्वारा गुरुवार को भागाषाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार पत्र सौंपेगी। इस मौके पर व्यापार मडल के जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा, अषोक कुमार सिंह, अंकुर केसरवानी, सरदार जगमीत सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## सीओ की फटकार पर चार के खिलाफ एससीएसटी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ दलित उत्पीडन तथा मारपीट व धमकी को लेकर बुधवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के भोगापुर भटनी निवासी रामलखन सरोज पुत्र ननकू ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पचीस जून को गांव के नींबू लाल मिश्र पुत्र गया प्रसाद तथा छोटेलाल के पुत्र राजेश व नींबूलाल के पुत्रगण संजय व सचिन ने रंजिशन उसे मारापीटा। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दी। पुलिस मे शिकायत करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि तहरीर पर पुलिस कार्रवाई नही कर रही थी।

# एक किलोमीटर दूर से कनेक्शन लेने को मजबूर है ग्रामीण, बिजली महकमे से किसान परेशान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बिजली महकमें को शिकायती पत्र दे देकर ग्रामीण परेशान है लेकिन कोई सुनवाई न होने पर लगभग एक किलोमीटर दूर से बांस और बल्ली के सहारे दो दर्जन से अधिक घर कनेक्शन लेने के लिए मजबूर हैं, वहीं जिन खेत से होकर तार गुजरता है वह लोग भी आए दिन धौंस देते रहते हैं। सांसद संगम लाल गुप्ता के निर्देश पर भी अभी तक विद्युत पोल नहीं लग सका है।

देश की आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी पट्टी तहसील क्षेत्र के सैफाबाद ढिढुई उपकेंद्र से जुड़े हुए गांव रायपुर बनपुरवा के दो दर्जन से अधिक घर अभी भी विद्युत कनेक्शन एक किलोमीटर दूर से बांस और बल्ली के सहारे गांव की खेतों से होकर तार खींचकर कनेक्शन तो ले लिया लेकिन जिनके खेतों से बांस और बल्ली लगाई गई है वह आए दिन उसे हटाने की धौंस देते रहते हैं। विद्युत खंभे को लगवाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार विद्युत महकमें को प्रार्थना पत्र लिखकर विद्युत पोल लगवाने की मांग की लेकिन नतीजा सिफर रहा। ग्रामीणों ने इसके लिए प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता को पत्र लिखा सांसद ने मामले को संज्ञान में लेकर अधिशासी अभियंता प्रतापगढ़ को विद्युत पोल लगाने का निर्देश दिया लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। गांव के प्रमोद, नीरज, हरिशचंद्र, रमेश, राकेश, सतीश, पप्पू, रामकेदार, ओम प्रकाश, मुन्नालाल, राम अभिलाख ठेकेदार आदि लोगों ने इसके संबंध में फिर से प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता से प्रार्थना पत्र लिखकर विद्युत पोल लगवाने की मांग की है।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कुण्डा के उ0नि0 रविशंकर तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 180/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश शुक्ला पुत्र अनूप शुक्ला नि0ग्राम अस्थवा लोकईयापुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के नहर पुलिया के पास से चोरी की एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बरामद मोटर साइकिल मनगढ़ मन्दिर की पार्किंग से 26 जून 2023 को चोरी की थी।

# बाबा के अरघे के सौन्दर्यीकरण को श्रद्धालुओं को किया समर्पित

अखंड भारत संदेश

## विधि विधान से प्रमोद तिवारी ने किया पूजन अर्चन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वैदिक मंत्रोच्चारण व शंखध्वनि तथा बाबा घुश्मेश्वर नाथ के जयकारे के बीच गुरूवार को बाबा के अरघे का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विधिविधान से पूजन कर रजत आच्छादन किया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व प्रमोद की छोटी सुपुत्री डॉ0 विजयश्री सोना के निजी संकल्पों के तहत बाबा के अरघे का चांदी से सौन्दर्यीकरण हुआ देख धाम में जुटे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी बाबा के धाम में आस्था के इस नूतन सौन्दर्य को देख स्वयं भी बाबा की अलौकिक छवि को देख हृदयस्पर्शी सुखद अनुभूति में देखे गये। देवाधिदेव के अरघे को मिली रजत चमक के मांगलिक उत्सव की बेला में देवराज इन्द्र भी अपनी आस्था की फुहारों से धार्मिक अनुष्ठान को खुशनुमा बना गये। प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा मोना व डॉ0 विजयश्री सोना के इस पुनीत संकल्प के पूरा होने पर गुरूवार से बाबा धाम में श्रद्धालुओं को अब महाकालेश्वर धाम सहित देश और प्रदेश के ख्यातिप्राप्त ज्योतिलिंगों की तरह बाबा घुइसरनाथ के भी चांदी के अरघे में अलौकिक दर्शन का दिव्य पुण्य मिल सकेगा। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, समाजसेवी लालदेव सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, रामबोध शुक्ल, डा. अमिताभ शुक्ल, अशोकधर दुबे, रिंकू सिंह परिहार, महेन्द्र सिंह, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, पवन शुक्ल, रवीन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य रंजन मिश्र, सोनू तिवारी, अमर बेदर्दी, जितेन्द्र द्विवेदी, त्रिभु तिवारी, मनीष मिश्र, फूलचंद्र पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, रवि सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, रामकृपाल पासी, अतुल शुक्ला, शास्त्री सौरभ, आशुतोष मिश्र, महादेव मिश्र बमबम, दयाशंकर तिवारी, आचार्य हरिपाल ओझा, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।



बाबा धाम में अरघे के रजत आच्छादन का पूजन अर्चन करते प्रमोद तिवारी।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना फतनपुर के उ0नि0 संजय कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना फतनपुर के मु0अ0सं0 109/23 धारा 376, 354क, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त नागेन्द्र कुमार पटेल पुत्र विजय कुमार पटेल नि0ग्राम बेहदौलखुर्द थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बैंकिंग चेक क्लोनिंग प्रकरण में एक और अभियुक्त गिरफ्तार

### चार मोबाइल व छह हजार रुपये बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर में क्षेत्रान्तर्गत स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बेल्हा के एक खाताधारक के खाता से चेक की क्लोनिंग कर फर्जी तरीके से एक मई 2023 को बड़ी धनराशि 35 लाख ट्रांसफर होने के प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा इलेक्ट्रॉनिक/तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक अन्य अपराधी उमेश कुमार यादव पुत्र शारदा प्रसाद यादव निवासी ग्राम चैरे चंदौली पो0 चैरे बाजार थाना बीकापुर जनपद अयोध्या हा0प0 1/596 विकास खंड गोमती नगर जनपद लखनऊ को थाना पट्टी क्षेत्र के कस्बा पट्टी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चार मोबाइल व छह हजार रुपए बरामद किये गये। बता दें कि बैंकिंग चेक क्लोनिंग प्रकरण में पूर्व में चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 दिनेश चन्द्र तिवारी व उ0नि0 देवी दयाल कश्यप मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 418/17 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रणविजय पुत्र प्यारेलाल नि0ग्राम भरतपुर तरैया थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, नौ नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नौ नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट, तोडफोड व बलवा समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। दीवार के विवाद को लेकर दोनों पक्षो मे जमकर लाठी डंडे चले। लालगंज कोतवाली के लाला का पुरवा रामपुर बावली निवासी रामबहादुर यादव की पत्नी तारा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती सत्ताईस जून को तीन बजे शाम दीवार के विवाद को लेकर विपक्षियो ने उसके घर घुसकर मारपीट की। विपक्षी गांव के सदाशिव के पुत्र दिलीप, सदाशिव की पत्नी कलावती व दिलीप की पत्नी विद्या देवी एवं पांच अज्ञात लोगों ने उसे तथा परिवार के सदस्यों को घर मे घुसकर मारापीटा। विरोध करने पर गाली देते हुए घरेलू सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने पीड़िता को जानलेवा धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की रात तीन नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना मे दूसरे पक्ष के सदाशिव की पत्नी कलावती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के जगदीश के पुत्र राजेश तथा मुलायम व परमेश एवं महादेव के पुत्र बहादुर, राज बहादुर की पत्नी तारा तथा राजेश यादव की पत्नी नेहा ने लाठी डंडे से लैस होकर घर मे घुसकर मारपीट की। आरोपियो ने गृहस्थी के सामान भी नष्ट करते हुए गालीगलौज किया। हल्ला मचाने पर गांव के लोग जुटने लगे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट, बलवा व तोडफोड का केस दर्ज किया है।

## मारपीट के मामले में आरोपियों पर मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला को घर मे घुसकर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव की रहने वाली नीलोफर की पत्नी अमजद खान ने इस संबंध में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 27 जून को उनके पड़ोसी गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट किए तथा जान से मारने की धमकी दी पीड़ित महिला की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने मारपीट गाली-गलौज जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

## चोरों ने उड़ाये पीड़िता के लाखों के जेवरात व नकदी

**लालगंज प्रतापगढ़।** दीवार काटकर चोरों ने विधवा के घर से लाखों का जेवर व मोबाइल तथा नकदी उड़ा ले गये। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मुरली कमयनपुर निवासी रामप्रताप मिश्र ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार की रात उसकी बहू मिथलेश पत्नी स्व. उमेश मिश्र बच्चों के साथ खाना खाकर सो गयी। देर रात अज्ञात चोर पीछे की दीवार काटकर घर के अंदर घुस गये। चोरों ने कमरे मे रखा बाक्स उठाकर ले गये। बाक्स से पीडिता के लाखो के सोने चांदी के जेवरात व नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। तहरीर मे कहा गया है कि बदमाश मोबाइल फोन भी चोरी कर ले गये। बुधवार को घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत मे खाली बाक्स फेंका मिला। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से भैस की मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** केले की बाग कि रखवाली करने के लिए झटके मशीन लगाए गए थे। जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। जब पीड़ित को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचा और मृत पड़े भैंस को दफना दिया गया। मामले की जानकारी खेत मालिक को भी दी। जिस पर उन्होंने भैंस का कीमत देने के लिए बात कही लेकिन इंकार कर देने पर पीड़ित ने नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बेसार गांव के रहने वाले विनोद शर्मा ने बताया कि बुधवार की देर शाम उसकी भैंस खेत में घास चरने के लिए गई थी। जहां पर केले के रखवाली के लिए झटका मशीन लगाया गया था। जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जब इसकी जानकारी पीड़ित को हुई तो वह आनन-फानन में मौके पर गया। देखा कि भैस की मौत हो चुकी है। और जेसीबी से गड्ढा खोद उसे दफना दिया गया। पीड़ित ने बताया कि मामले की जानकारी खेत मालिक को दी गई तो उन्होंने कहा कि आपका जो नुकसान हुआ है पैसा दे दिया जाएगा। पैसा ना मिलने पर पीड़ित ने नामजद करते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# फंदे से लटकती मिली विवाहिता की लाश

## शादी के 12 वर्ष बाद महिला ने क्यों की आत्महत्या रहस्य बरकरार



अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी मंजू देवी पुत्री भोला की शादी 12 साल पहले करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी गांव निवासी अनिल कुमार के साथ हुई थी विवाहिता मंजू देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी अनिल कुमार ने बीती रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है मृतक महिला की दो लड़की समीक्षा 8 वर्ष प्रतीक्षा 6 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है मृतक महिला का पति अनिल कुमार पुत्र समय लाल रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण कर करता है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर जांच में जुट गई है शादी के 12 वर्षों बाद विवाहिता ने क्यों आत्महत्या किया है यह रहस्य बरकरार है।

## पेड की डाल में लटकता मिला युवक का शव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के असरावे खुर्द स्थित महुआ के एक पेड़ में गुरुवार की शाम लगभग 7 बजे युवक का शव फंदे पर लटकता मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के पीछे क्या रहस्य है इसकी पड़ताल में पुलिस जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर पुलिस चौकी अंतर्गत असरावे खुर्द निवासी रूपचंद निषाद उम्र 30 वर्ष पुत्र नंदलाल उर्फ लाला निषाद विक्रम चालक था जो टैक्सी चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था गुरुवार की शाम 7 बजे के करीब असरावे खुर्द गांव के बाहर एक महुआ के पेड़ की डाल पर उसके शव को ग्रामीणों ने देखा यह बात जंगल मे आग की तरह पूरे गांव में फैल गई देखते ही देखते गांव के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए लोगों की सूचना पर पहुंची पिपरी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिपरी कोतवाली क्षेत्र में नहीं रुक रहा मौतों का सिलसिला



## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 132 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**कौशाम्बी**-सैनी थाना इलाके के इटैली पुर में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने महिला को जमकर पीटा,दबंगों ने महिला का हाथ तोड़ दिया है बताया जाता है कि जमीनी बंटवारे को लेकर मारपीट हुई है पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता नीतू सोनकर पत्नि राम नारायण सोनकर निवासी खुटहर थाना महेवाघाट को 06 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# ड्रोन कैमरे की निगरानी में अदा हुई ईद उल अजहा की नमाज








अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले की मस्जिदों में सुबह 7:00 बजे से ही ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई है। भारी संख्या में मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन और शांति के साथ भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा और सुविधा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे,पुलिस और प्रशासन के साथ साथ ड्रोन कैमरे की निगरानी में ईद उल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न हुई।



## डीएम व एसपी ने शांति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुद्दढ़ बनाए रखने हेतु किया निरीक्षण

### ईदगाहों मस्जिदों आदि स्थानों पर पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहते हुए रखी गयी सतर्क दृष्टि



**कौशाम्बी।** जनपद में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुद्दढ़ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा मंझनपुर करारी व जनपद में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहते हुए ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा नमाजियों से वार्ता कर बकरीद की बधाई दी गयी एवं ड्यूटीरत अधिकारी कर्मचारीगणों को निर्देश दिए गए कि खुले में कुबार्नी न हो मस्जिदों व इदगाहों से बाहर निकलकर सड़क पर नमाज अदा न हो मांस को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुचाते समय ढक कर ले जाने व किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न होने पाये इस दौरान अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शकुसल नमाज अदा कराई गयी।

## कुरबानी हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर है वाजिब

**करारी कौशाम्बी।** इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीना में मनाया जाने वाला ये बकरीद पर्व अपने पीछे एक बहुत पुरानी याद रखता है ये हजरत इब्राहीम अलैहिस सलाम की याद में मनाया जाता है कुरबानी करना हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर वाजिब है खास जानवर को खास दिन अल्लाह के लिए कुर्बान करने को कुरबानी कहते हैं। कुरान में अल्लाह पाक ने पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब से कहा की आप अपने रब के नाम से नमाज पढ़ें और कुरबानी करें हदीस में आता है की पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया की कुरबानी के दिनों में मुसलमानो का कोई ऐसा काम नहीं जो अल्लाह की बारगाह में कुरबानी करने से ज्यादा प्यारा हो कुर्बानी की प्रथा का पता हजरत इब्राहीम से लगाया जा सकता है, जिन्होंने यह सपना देखा था कि अल्लाह ने उनको उनकी सबसे कीमती चीज का त्याग करने का आदेश दिया था। इब्राहीम दुविधा में थे क्योंकि वह यह निर्धारित नहीं कर सकते थे की उनकी सबसे कीमती चीज क्या थी। तब उन्होंने महसूस किया कि यह उनके बेटे का जीवन है। उन्हें अल्लाह की आज्ञा पर भरोसा था। उन्होंने अपने बेटे को इस उद्देश्य से अवगत कराया कि वह अपने बेटे को उनके घर से क्यों निकाल रहे थे। उनके बेटे इस्माइल ने अल्लाह की आज्ञा का पालन करने के लिए सहमति व्यक्त की, हालांकि, अल्लाह ने उन्हें सूचित किया कि उनके बलिदान को स्वीकार कर लिया गया है और उनके बेटे को एक भेड़ से बदल दिया। यह प्रतिस्थापन या तो स्वयं के धार्मिक संस्थागतकरण की ओर इशारा करता है, या भविष्य में इस्लामिक पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और उनके साथियों (जो इश्माएल अलाहिस सलाम की संतान से उभरने के लिए किस्मत में था) के आत्म-बलिदान को उनके विश्वास के कारण इंगित करता है। उस दिन से,साल में एक बार हर ईद उल - अदहा, दुनिया भर के मुसलमान हजरत इब्राहिम के बलिदान और खुद को त्यागने की याद दिलाने के लिए एक जानवर का वध करते हैं।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महेश यादव पुत्र स्व0 चोखे यादव निवासी अहिरन का पुरवा मजरा भेलखा थाना मंझनपुर को नहर पुलिया भेलखा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक शुकुल सरोज पुत्र गया प्रसाद निवासी दुगौली थाना पश्चिम शरीरा को दुगौली से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

**निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पिपरी से सात थाना संदीपनघाट से तीन थाना सैनी से दो कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सलमान उर्फ फैज पुत्र मासूक निवासी मितवापुर थाना संदीपनघाट को मेला बाग मूरतगंज से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**एक रात में 11 बकरी 3 भैंस चोरी : कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में एक रात मे 11 बकरी 3 भैंस चोरी हुई है पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखा है सिर्फ वसूली तक ही पुलिस सीमित रह गई है चोरियों का कोई भी खुलासा नहीं हो रहा है जानकारी के मुताबिक काजू गांव में रामसुमेर, सुखराम, बसदेव की 11 बकरी ,3 भैंस एक रात मे चोरी हुई है पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है थाने में रिपोर्ट नही लिखी गई रविवार की रात 100 डायल वालो से भी शिकायत हुई थी लेकिन पशुपालकों की सुनवाई नहीं हुई सूत्रों की माने तो महगाव का पशु ब्यापारी भैंस लेकर गायब हो गया है।

# अफसरों के चश्मे से जिले के विकास योजनाओं की हकीकत देख कर चले गए स्वास्थ्य मंत्री

अखंड भारत संदेश



## पूर्व की तरह रटा रटाया जवाब नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश, निर्देशों की झड़ी लगाए जाने तक सीमित रह गया डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का कौशांबी दौरा

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार को उदयन सभागार में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। लेकिन समीक्षा के दौरान डिप्टी सीएम अफसरों के चश्मे से विकास योजनाओं की हकीकत देख कर चले गए जमीनी हकीकत में उन्होंने विकास योजनाओं की हकीकत देखने का प्रयास नहीं किया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद कौशाम्बी को सर्वश्रेष्ठ जनपद बनाने के लिए कृत संकल्पित होना है उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाए अफसर भी जी हुजूरी करते रह गए। उन्होंने जनपद में गौआश्रय स्थलों, भूसा-चारा व कैटल कैचर आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए कोई भी गोवंश आवारा घूमते हुए न पाये उनका यह भी निर्देश केवल भाषण बाजी तक सीमित रह गया। उन्होंने गौशालाओं में भूसा-चारा आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने तथा सभी गौशालाओं में वृहद वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दियें। सरकार द्वारा पूर्व में गौशालाओं की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए थे लेकिन व्यवस्था को सुधारने में असफल रहने वाले अफसरों पर कार्रवाई करने के बजाय समीक्षा बैठक निर्देश तक सीमित रह गयी उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान शेष रहे गये कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने तथा बच्चां को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा के दौरान शेष रह गये सामुदायिक शौचालयों को भी स्वयं सहायता समूहों को हैण्ड ओवर करने तथा स्वयं सहायता समूहों को भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को सामुदायिक शौचालयों के हैण्ड ओवर से पूर्व विद्युत कनेक्शन हुआ था या नहीं, इसकी जॉच कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयां को क्रियाशील रखा जाय, ताकि लोग उपयोग कर सकें उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये ताकि पात्र व्यक्तियों को शीघ्र इस योजना से लाभान्वित किया जा सकें और वे इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। जिले की चौपट सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था और अवैध नर्सिंग होम के भरमार के बाद कार्यवाही करने के बजाए उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद में सरकारी अस्पतालों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखा जाय तथा रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। सीएमओ भी डिप्टी सीएम को गुमराह करने से नहीं चूके इसके साथ ही उन्होंने सभी अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ ही रंगाई-पुताई आदि कार्य कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी सरकारी अस्पतालां में सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हमेशा सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मरीजों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े एवं सभी एम्बुलेन्स की स्थिति बेहतर रखी जाय जबकि पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था सरकारी और निजी चौपट हो चुकी है सीएमओ से स्वास्थ्य व्यवस्था संभाली नहीं जा रही लेकिन सीएमओ को बख्शीस देकर डिप्टी सीएम चले गए उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी निजी अस्पतालों की जॉच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि मानक के अनुरूप न पाये जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय जब वर्षो से अवैध निजी अस्पताल में सीएमओ ने कार्यवाही नहीं की तो अब कैसे उम्मीद लगाई जाए कि वह डिप्टी सीएम के कहने के बाद निजी अवैध अस्पतालों पर कार्यवाही करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने जिलापूर्ति अधिकारी को जनपद के सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी व ग्रामीण की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं समूहों द्वारा किये जा रहें कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों को छोटे-छोटे उद्यम करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया जाय। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क उसी प्रकार बनायी जाय जैसे वह पूर्व में बनी थी, अन्यथा भुगतान न किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने दिसम्बर 2023 तक जनपद के सभी घरों तक नल से जल पहुँचाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जनपद के सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में एक सप्ताह के अन्दर बच्चों के लिए खेल सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, विद्युत को फाल्ट तत्काल ठीक कराने तथा ओवर बिलिंग पर प्रभावी रोक एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ओवर बिलिंग के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत न आने पाये। जबकि पूरे जिले की जनता बार-बार कटौती ट्रिपिंग से परेशान है लेकिन उसके बाद भी केवल निर्देश तक डिप्टी सीएम सीमित रह गए उन्होंने जिला खनन अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 से कहा कि सभी सड़कों को गड्ढामुक्त सुनिश्चित किया जाय तथा निमार्णाधीन सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाय। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी एवं ए-आर को-आपरेटिव को खाद एव उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि वृक्षारोपण के तहत पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा पौधों को गोद देने की भी कार्यवाही की जाय। 13 वर्षों में 2 करोड़ से अधिक पौधारोपण के मामले की उन्होंने हकीकत जानने का प्रयास नहीं किया उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को कैम्प लगाकर सभी श्रमिकों का पंजीयन कराने तथा श्रमिकों की बेटियों की सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी आयोजित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा के दौरान सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उप मुख्यमंत्री ने शान्ति कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक को चार्जशीट समय से लगाने, गश्त बढ़ाने तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें इस अवसर पर सांसद विनोद कुमार सोनकर, विधायक मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कष्टपूर्ण बीमारी से तंग अधेड़ ने लगाई फांसी



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज गांव में एक अधेड़ ने बीमारी से त्रस्त होकर आत्महत्या कर लिया है जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज गांव निवासी अमृतलाल उम्र 50 वर्ष पुत्र सुकरू दिवाकर लम्बे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहा था जिससे वह कष्ट पूर्ण जीवन जीते जीते अपनी जिंदगी से ऊब गया और बीती रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया जैसे ही परिजनों को मामले की जानकारी मिली परिवार में कोहराम मच गया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बड़ी धन्नी में शांति पूर्वक अदा हुई ईद उल अजहा की नमाज



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज क्षेत्र के बड़ी धन्नी सहित पूरे क्षेत्र में शांति पूर्वक ईद उल अजहा की नवाज अदा की गई ईद उल अजहा के मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी गौरव कुमार त्रिवेदी अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे।

### तालाब पाट दिए जाने से पेरई गांव की सड़कें बनी तालाब



**कौशांबी।** जिले के चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पेरई में तालाब पाट दिए जाने की वजह से सड़कों पर पानी भरा हुआ है जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है लोगों को आने जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है बताया जाता है कि ग्राम सभा पेरई के बैजनाथ पटेल, मोती पटेल ,बनवारी लाल प्रजापति ,सुकुल पटेल आदि लोगों के घर के पीछे तालाब पाट दिए जाने की वजह से बरसात का पानी सड़क पर भरा हुआ है अभी बरसात शुरूआत हुई है कि गांव की सड़कों की हालत खराब होने लगी है लोगों को आने जाने में दिक्कतें हो रही है पूरे वर्ष जल निकासी की कार्य योजना अफसर बनाते हैं लेकिन योजना सफल नहीं हो पाती पहली बरसात में अफसरों की कार्य योजना की पोल खुल जाती है जल निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने से गांव वालों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने अफसरों का ध्यान आकर्षित करते हुए जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### तेज आवाज के साथ गिरी आकाशीय बिजली, झुलसकर भैंस की हुई मौत, बाल बाल बचे लोग

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप मच गया,आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दुधारू भैंस की मौत हो गई,जबकि वहा रहे अन्य लोग बाल बाल बच गए। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के चक माहपुर पांडेयमऊ की है जहा रमेश साहू की दुधारू भैंस महुवा के पेड़ के नीचे बंधी हुई थी,बारिश के बीच तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली कड़की और पेड़ के पास गिर गई,आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस ले मौत हो गई,जबकि वहा पास में खड़े लोग बाल बाल बच गए ।दुधारू भैंस की मौत से पशुपालक को हजारों का नुकसान हो गया है।

### अवैध निर्माण रुकवाने पहुंचे लेखपाल से दबंग शराब माफियाओं ने की अभद्रता



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के ग्राम महमूदपुर में अवैध तरीके से निर्माण कर रहे शराब माफियाओं के निर्माण रोकने पहुंचे लेखपाल से दबंग शराब माफियाओं ने अभद्रता की है उसे गाली गलौज किया गया और उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया है मामले की शिकायत लेखपाल ने आला अधिकारियों से की है बताया जाता है कि महमूदपुर गांव की गाटा संख्या 109 रकबा 0-1940 हे० पर सुरेश पुत्र रामलखन व शिव प्रसाद पुत्र अयोध्या प्रसाद व अजितेश पुत्र जीतलाल के द्वारा अवैध तरीके से किए जा रहे निर्माण की शिकायत आला अधिकारियों तक पहुंची आला अफसरानों द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य को लेखपाल द्वारा रोक दिया गया है निर्माण कार्य रुकने से दबंग शराब माफिया बौखला गए निर्माण कार्य रोकने पहुंचे लेखपाल से दबंग शराब माफियाओं ने अभद्रता की है लेखपाल ने बताया कि शान्ति ब्यवस्था के मद्देनजर निर्माण रुकवाया गया है लेखपाल से अभद्रता करने के मामले को लेकर लेखपालों में आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि काली कमाई से मालामाल हुए दबंग शराब माफिया इसके पहले भी लोगों से कई बार अभद्रता कर चुके हैं शराब माफियाओं के बढ़ते अराजकता को आला अफसरों को गंभीरता से लेना होगा।

### लूट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अंतर प्रांतीय लुटेरों ने 3 दिन पहले महिला से लूटे थे 50 हजार रुपए



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 3 दिन पहले बैंक से रुपए निकाल कर जा रही महिला से 50 हजार रुपए लूट करने का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरप्रांतीय दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है और पकड़े गए आरोपियों से लूट की रकम बरामद की है अंतर प्रांतीय लुटेरे किसके संरक्षण में कौशांबी में पल रहे थे पुलिस ने इस बात का खुलासा नहीं किया है। थाना कोखराज के सिंधिया चौकी अंतर्गत 26 जून 2023 को महिला के साथ 50 हजार रुपये की लूट की घटना हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोखराज पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमें गठित कर सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम मे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य की मदद से थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये दो अभियुक्तों विजय प्रसाद पुत्र रामचन्द्र प्रसाद निवासी व थाना चिरैया बाजार जनपद मोतीहारी (पूर्वी चम्पाहा), बिहार व राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुरुदेव बहादुर नगर टीपी गली नं0 13 फगवाड़ा थाना फगवाड़ा, सिटी कपूरथला, पंजाब को परसरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर घटना से सम्बन्धित 45 हजार रुपये बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

संपादकीय

# क्या भारत स्ट्रेटेजिक संबंधों से पाएगा नई बुलंदी?



डॉ. कन्हैया त्रिपाठी

**वाल** स्ट्रीट जर्नल की एक पत्रकार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से एक सवाल लोकतंत्र और अभिव्यक्ति को लेकर किया जिससे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कटघड़े में खड़े हो गए, ऐसा लोग मान रहे हैं। जबकि यह एक आक्षेप ही साबित हुआ क्योंकि प्रधान मंत्री ने बहुत ही सहज भाषा में भारतीय लोकतंत्र में संस्कृति, विचार और अभिव्यक्ति को दो टूक शब्दों में बता दिया कि आपने जो कहा उससे मैं आश्चर्यचकित हूँ। हम एक लोकतंत्र हैं। लोकतंत्र हमारी आत्मा, हमारे खून का हिस्सा है। हम लोकतंत्र में जीते हैं और सांस लेते हैं। और यह हमारे संविधान में है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है, लोकतंत्र हमारी आत्मा है, लोकतंत्र हमारी रगों में दौड़ता है। भारत में किसी भी तरह के भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं। प्रधान मंत्री ने बिना रुके, बिना झिझक के अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए स्पष्ट किया कि जब हम लोकतंत्र में रहते हैं, तो भेदभाव के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं होती है और यही कारण है कि भारत सबके साथ, सबके विश्वास और सबके प्रयासों से आगे बढ़ने में विश्वास करता है। ये हमारी नींव हैं, सिद्धांत हैं, जो हमारे आधार हैं। प्रधान मंत्री के इस उत्तर से वहाँ एक चुप्पी थी और सब निरुत्तर थे जबकि भारत में इस पर बहस हमेशा की तरह प्रधान मंत्री को घेरने के लिए जारी है। इन सबके बीच अमेरिकी कांग्रेस को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उनसे पहले, निवर्तमान प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने 19 जुलाई, 2005 को, अटल बिहारी वाजपेयी ने 14 सितंबर, 2000 को, पी. वी. नरसिम्हा राव ने 18 मई 1994 को और राजीव गांधी ने 13 जुलाई, 1985 को संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे भारतीय सख्शियत हैं जिन्हें दो बार इस सदन को संबोधित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह अपने आप में मायने रखता है कि उन्हें अमेरिकी कॉंग्रेस को पुनः संबोधित करके इतिहास बनाने का अवसर मिला लेकिन सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात है कि नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी कॉंग्रेस को उस समय संबोधित किया है जब दुनिया में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं, भारत एक मजबूत स्थिति में विश्व में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है।

सबसे ज्यादा चर्चा इस यात्रा के बारे में यह रही कि इस बार ऐसे मुद्दे का अमेरिकी कॉंग्रेस में जिक्र प्रधान नरेंद्र मोदी ने किए, जो आज दुनिया में चर्चा के केंद्र में हैं। प्रधान मंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को करीब-करीब एक घंटे तक संबोधित किया जिसमें उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किया। उन्होंने दुहराया कि भारत और अमेरिका सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाने जाते हैं और लोकतंत्र हमारे पवित्र साझा मूल्यों में से एक है। यह लंबे समय में विकसित हुआ है, और इसने विभिन्न रूप और व्यवस्थाओं को अपनाया हैं। हालांकि, पूरे इतिहास में, एक बात स्पष्ट रही है की लोकतंत्र वह भावना है जो समानता और सम्मान का समर्थन करती है। लोकतंत्र वह विचार है जो परिचर्चा और संवाद का स्वागत करता है। लोकतंत्र वह संस्कृति है जो विचार और अभिव्यक्ति को हौसला देती है। भारत को अनादिकाल से ऐसे मूल्यों का सौभाग्य प्राप्त है। लोकतांत्रिक भावना के विकास में भारत लोकतंत्र की जननी है। प्रधान मंत्री ने भारतीय सनातन सोच और चिंतन को रेखांकित करते हुए यहाँ तक कहा कि सहस्राब्दियों पहले, हमारे सबसे पुराने धर्मग्रंथों में कहा गया था, 'एकम् सत विप्रा बहुधा वदन्ति'। जिसका अर्थ है- सत्य एक है लेकिन बौद्धिक लोग उसे अलग-अलग तरीकों से व्यक्त करते हैं। हमारी साझेदारी लोकतंत्र के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। हम सब मिलकर दुनिया को बेहतर भविष्य देंगे और भविष्य को बेहतर दुनिया देंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जब यह बात कर रहे हैं तो इसका आशय है कि अमेरिका और भारत लोकतंत्र के लिए एक साथ आगे बढ़ें। जो मुद्दे हमारे लिए और सम्पूर्ण पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं उनके प्रति सजग हों और हम भारत और अमेरिकी नागरिकों के भविष्य को सुरक्षित करते हुए दुनिया के लिए शांतिपूर्ण वातावरण को गतिशीलता प्रदान करें। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी कॉंग्रेस के सामने महिलाओं के हितों और उनके नेतृत्व का जो खाका प्रकट किया उसने निश्चय ही आधी आबादी के भारतीय छवि को बढ़ाया है। उन्होंने वेद में मानवता की महान संकल्पना को अभिव्यक्त किया और भारतीय विदुषियों के मानवता के छंद को प्रकट किया। प्रधान मंत्री ने स्पष्ट कहा कि महिला ऋषियों ने वेदों में कई छंदों की रचना की और आज, आधुनिक भारत में, महिलाएं हमें बेहतर भविष्य की ओर ले जा रही हैं। भारत का दृष्टिकोण सिर्फ महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाला विकास नहीं है। यह महिला नेतृत्व वाले विकास का है, जहां महिलाएं प्रगति की यात्रा का नेतृत्व करती हैं। एक साधारण जनजाति की पृष्ठभूमि से निकलकर एक महिला हमारी राष्ट्रपति बनी हैं। लगभग एक दशमलव पांच मिलियन निर्वाचित महिलाएं विभिन्न स्तरों पर हमारा नेतृत्व करती हैं और वह है स्थानीय सरकारों के रूप में हैं। भारत की यह विशेषता हमारे देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है और भारत में महिलाओं के ज्ञान-विज्ञान में अवदान को प्रकट करती है। यह इसलिए एक अद्भुत और उदाहरणीय अभिव्यक्ति प्रधान मंत्री की लगी क्योंकि भारतीय मूल की ही अमेरिका में उप राष्ट्रपति कमला हेरिस भी भारतीय संतति की एक मिसाल रूप में सदन में मौजूद रहीं। हमारा रिश्ता एक महत्वपूर्ण भविष्य के लिए तैयार है, यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2016 में पुरजोर तरीके से अमेरिकी कॉंग्रेस के सामने कहा था। इस बार न केवल उस सूत्र वाक्य को प्रधान मंत्री ने दुहराया बल्कि भारत की बढ़ती हुई लोकप्रियता, आर्थिक हस्तक्षेप, मानव अधिकारों के अपने प्रयास की सनातन सोच को भी अमेरिकी कॉंग्रेस कि स्पष्ट कर दिया। आज जब विभिन्न क्षेत्रों में लीडरशिप के लिए दुनिया के दो सौ से अधिक देश भारत की ओर देखते हैं तो भारत को इसे गंभीरता से लेना ही होगा, यह भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का परोक्ष रूप से अमेरिकी संयुक्त सदन को संदेश गया है। बातों-बातों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आशा जगाई। विश्वास दिलाया। स्वप्न दिखाये और अपनी जड़ों से जुड़ने का भी संदेश दिया। खासकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अपनी लिखी कविता पढ़ी आसमान में सिर उठाकर/घने बादलों को चीरकर/रोशनी का संकल्प लें/अभी तो सूरज उगा है। दृढ़ निश्चय के साथ चलकर/हर मुश्किल को पार कर/घोर अंधेरे को मिटाने/अभी तो सूरज उगा है। इस कविता ने अमेरिकी सदन को नया विश्वास दिया, नया जोश भी। यह जिस सूरज के नवधारूप का जिक्र प्रधान मंत्री ने किया उसके अर्थ गांभीर्य बहुत ही श्रेष्ठ और अर्थपूर्ण हैं। यदि एक नई शुरूआत के लिए अपनी ताजगी को महसूस कर दो बड़े लोकतंत्र विश्वास की डोर पकड़कर आगे बढ़ जाएँ तो संसार की अनेकों समस्याओं का शमन यूं ही चुटकियों में हो जाएगा। इसलिए प्रधान मंत्री की यह एक स्ट्रेटजी बहुत ही उम्दा मानी जाएगी खासकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने डिप्लोमेटिक रिलेशन को जब मजबूत करने की बात आती हो। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की बात को जो कूटनीतिक पण्डित समझते हैं, उस तर्क कि कसौटी पर देखें तो यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भारत और अमेरिका के लिए बेहतरीन शुरूआत है चाहे मानवीय पीड़ा को समझने के लिए हो, चाहे रक्तपात और युद्ध रोकने के लिए हो या चाहे द्विपक्षीय सहयोग को समृद्ध करने की बात हो।

# आदिपुरुष पर बवाल....

**हेमंत शर्मा, देश के वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार**



**डेढ़** महीने से कुछ लिखा नहीं। डॉक्टरों ने मना किया था कि फोन और कंप्यूटर पर न लिखें। क्योंकि सर्वाइकल का दर्द कंधे से उतरकर हाथ पर आ गया था। पर दो रोज पहले न जाने किस घड़ी में आदिपुरुष देखी। आदिपुरुष से उपजे क्षोभ के विर्पजॉय ने लिखने से परहेज के मेरे संकल्प को तोड़ दिया। ऐसी छिछोरी, टुच्ची और छिछली फिल्म मैंने पहले कभी नहीं देखी। पात्रों के लुक, फील, ट्रीटमेंट और संवाद टपोरी या कहें सड़कछाप हैं। फिल्म सभी पहलुओं पर घटियापन के रिकॉर्ड तोड़ती है। क्रिएटिव फ्रीडम के नाम पर ऐसे बेहूदे सृजन की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। रामकथा हमारे सांस्कृतिक सूत्रों को जोड़ती है।वह भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की चिरंतन धारा है। फिल्म अनंत काल से चली आ रही इस प्रचलित आस्था के खिलाफ है। हमारे समाज की आत्मा राज्यसत्ता में नहीं धार्मिक आस्था में बसती है। मनोज मुंतशिर कि यह बेशर्म पटकथा और संवाद इस आस्था पर चोट पहुंचाते है। रामायण की सबसे बड़ी विशेषता उसकी मयार्दा है। पर इस फिल्म में मयार्दा नाम की कोई चीज नहीं है। है तो धार्मिक, वैचारिक खोखलापन। मूर्खता और धूर्तता कुपढ़ों में दो लक्षण होते है। मुंतशिर ने यह अपराध मूर्खता में नहीं धूर्तता के चलते किया है। मूर्खता ईश्वर प्रदत होती है इसलिए क्षम्य है। और धूर्तता राष्ट्रवाद का खोल ओढ़ पैसा कमाने की ओछी चाहत है।

भाषा संस्कार जनित होती है। कबीर ने उसे भाषा बहता नीर कहा है। वह संस्कारों से गढ़ी जाती है। महाकाव्यों में पात्रों की भाषा को युग संदर्भ में देखा और लिखा जाता है। मनोज मुंतशिर की भाषा उनके भाषाई संस्कार बताती हैं। क्या वे ऐसी अभद्र भाषा का इस्तेमाल अपने बाप के साथ करते होंगे शायद नहीं। तो फिर हनुमान का मजाक क्यों उड़ाया अभिव्यक्ति और रचनात्मक आजादी के नाम पर मुनाफा कमाने की बेशर्म कोशिश हमारी सनातन परम्परा की सहिष्णुता का उपहास है। तब जब वाल्मीकि ने अपनी रामायण में हनुमान को तीन वेदों का ज्ञाता कहा है। तुलसी ने उन्हें ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ कहते हैं। अध्यात्म रामायण में हनुमान को भाषिक चातुर्य का महारथी और एकादश रूद्र का अवतार बताया है।ऑक्टेवियो पॉज जैसे महान लैटिन अमेरिकी विश्व कवि ने हनुमान जी को वानर व्याकरणाचार्य की संज्ञा देते हुए एक किताब लिख दी मंकी ग्रमेरियन।

हनुमान राम कथा के सबसे प्रबल पात्र हैं। प्रबलता का मतलब उनके महावीर होने से नहीं है। एकादश रुद्र के अवतार को समेटे उनका चरित्र, वीरोचित दंभ में भी ज्ञान और विनम्रता के संवाद बोलता है।

तुलसी भी हनुमान को साधारण योद्धा वाले संवाद नहीं देते। उस असाधारण ज्ञानी हनुमान को मुतंशिर ने महज बंदर बना दिया। और फिल्म को जुरासिक पार्क। पिता की जगह बाप शब्द का प्रयोग करा वानराधीश को निरक्षर या कुपढ़ बताया गया है।

गोस्वामी तुलसीदास ने हनुमान जी को ज्ञानिनाम अग्रगण्य कहा है। यानी उन्हें ज्ञानियों की गिनती में सबसे आगे बताया। शास्त्र बताते हैं कि हनुमान को भगवान शंकर और स्वयं ब्रह्मा ने दीक्षा दी थी। उन्हीं वज्रांग हनुमान जी को आदिकवि वाल्मीकि ने वाक्यज्ञ अर्थात वाक्यों का ज्ञाता कहा। वाल्मीकी रामायण के किष्किंधाकांड में राम के सामने हनुमान जी जब निवार्सित राजा सुग्रीव के दूत बनकर ब्राह्मण रूप में पेश होते हैं। तो उनकी संवाद-शैली पर मुग्ध होकर अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं कि-

**'तम अभ्यभाष सौमित्रे सुग्रीव सचिवम् कपिम्।**
**वाक्यज्ञं मधुरैर वाक्यैः सनेहयुक्तम अरिंदमम।।'**

हे सुमित्रानंदन, ये वाक्यों के ज्ञाता और मधुर वचन बोलने वाले सुग्रीव के सचिव हनुमान हैं। तुम इनसे वातार्लाप करो।

**न अन ऋग्वेद विनीतस्य न अझयजुर्वेद धारिणः।**
**न अझसाम वेद विदुषः शक्यम् एवम् विभाषितुम्।।**

हे लक्ष्मण, जिसे ऋग्वेद का ज्ञान न हो, जिसे यजुर्वेद स्मरण में न हो और जो सामवेद का विद्वान न हो वह क्या ऐसी विद्वानों जैसी वार्ता कर सकता है

**नूनम् व्यकरणम् कृत्स्नम् अनेन बहुधा श्रुतम् बहु व्याहरता अनेन न किंचित अप शब्दितम्**

हे लक्ष्मण, निश्चय ही हनुमान ने व्याकरण को सम्यक रूप से पढ़ा है व इनके द्वारा बोले गए शब्दों में कोई भी दोष दिखाई नहीं देता।

ऐसे परम वैदुष्य से लबालब थे हनुमान जिन्हें सुकुलवा ने तेरे बाप की संवादशैली में उतार दिया है। वाल्मीकि हो या तुलसी या फिर मैथिलीशरण गुप्त सबकी रामकथा में हनुमान जी की भाषा उनके ज्ञानपक्ष को उद्घाटित करती है।कंबन , कृतिवास आदि बाकी के सभी रामायणों में भी हनुमान ज्ञानशील भक्त के तौर पर दिखते हैं। हनुमान की वीरता और शक्ति को तुलसी रामभक्ति की चाशनी में लपेट कर उन्हें और विनम्र कर देते हैं। उनका हनुमान जो संवाद बोलता है, वह ज्ञान और भक्ति से पगा हुआ है। उनमें लेशमात्र दंभ नहीं है। क्योंकि रामभक्त निर्मम और दंभी नहीं हो सकता।

मनोज कहते हैं कि यह रामकथा का ट्रांसफॉरमेशन है। बच्चों के लिए उन्होंने यह फिल्म बनाई है। तो क्या वे बच्चों को यही भाषिक संस्कार देना चाहते हैं। अपने घर में वे बच्चों से इसी भाषा में बात करते हैं। सृजनात्मक आजादी के नाम पर अग्नि में शबरी का जलना अखरता है। पूरी रामकथा में सूर्पनखा लक्ष्मण पर डोरे डालती है। इस फिल्म में राम से उसके विवाह का प्रस्ताव रखवा दिया गया है। रावण विद्वान,नीतिज्ञ और मयार्दाओ से भरा था। यहां उसे मुम्बईया फिल्मों का खूंखार, कपटी खलनायक बना दिया है। सीता के गले पर चाकू से वार घटियापन की हद है। सुषेण वैद्य का स्त्रीकरण कर दिया गया है। लक्ष्मण शक्ति में उनका इलाज विभीषण की पत्नी करती है। लगता है वैद्य जी किसी के बाप का इलाज करने चले गए। मानस में जिस रावण ने सीता से हमेशा एक मर्यादित दूरी बनाई। बात करते वक्त की तुलसी लिखते हैं- तृन धरि ओट कहति बैदेही। इस फिल्म में रावण सीता से बार बार विवाह का प्रस्ताव रखता है। हनुमान जी का इंद्रजीत से कहना, कपड़ा तेरे बाप का, आग तेरे बाप की, तेल तेरे बाप का, जलेगी भी तेरे बाप की...।

उससे ज्यादा हनुमान जी का भद्दा मजाक नहीं बनाया जा सकता है। लंका लगाना साहित्य की मानक भाषा नहीं है। बजरंगबली- जो हमारी बहनों को हाथ लगाएंगे, उनकी लंका लगा देंगे...। कालीन तुर्की भाषा का शब्द है लेकिन मनोज का इतिहास व शब्द व्युत्पत्ति से क्या मतलब विभीषण एक सीन में लंकेश से- भैया... आप अपने काल के लिए कालीन बिछा रहे हैंङ्क। रावण महापंडित था। वह पुलस्त्य का पौत्र , विश्रवा का पुत्र और मय का दामाद था। लेकिन मनोज का रावण ऐसी टपोरी बतकही करता है कि शर्म आती है उनके नए-नए राष्ट्रवादी ज्ञान पर- अयोध्या में तो वो रहता नहीं, रहता तो वो जंगल में है और जंगल का राजा शेर होता है...तो वो कहां का राजा है रेङ्क। संवाद योजना के अलावा व्यवहारगत माहौल सनातन परम्परा का मजाक है। धर्म में मयार्दा स्थापित करने वाले इस सनातन महाकाव्य का कॉमिक्सीकरण करना ऐसा पाप है। जिसका प्रायश्चित नहीं है।

अनपढ़ भी फ्लूक से कवि तो बन सकता हैं। पर भाषा और संस्कृति का विशेषज्ञ नहीं बन सकता।मूर्खों की भीड़ उन्हें विद्वान जरूर मान लेती है। यहॉ यही हुआ है। दरअसल ऐसे जातकों के इतिहास, संस्कृति का ज्ञान व्हाट्सएप आने के बाद से शुरू होता है। अगर रामकथा में नाटकीयता ही लानी थी, तो उन्हें पं. राधेश्याम कथावाचक की रामायण से मदद लेनी चाहिए थी। रामकथा इस अद्भुत क्रांतिकारी कवि की ऋणी है। यही वजह है कि रामलीलाओं में आज भी राधेश्याम जी को संवाद जन-जन को कंठस्थ हैं। 1910 के आसपास हमारे देश में पारसी थिएटर चरम पर था। आगा हश्र कश्मीरी और नारायण प्रसाद बेताब के ड्रामे लोगों को दीवाना बना रहे थे। पंडित राधेश्याम की कविता और कला को इन्हीं थियेटरों की छाया मिली। बरेली में जन्मे राधेश्याम के घर के पास ही नाटक कंपनियां डेरा डालती थीं। उनके पिता कथावाचक थे। रुक्मिणी मंगल की कथा सुनाते-सुनाते राधेश्याम को उन्होंने संगीत सिखाया। अब कथा गीत गाते थे राधेश्यारम और व्याख्या करते थे उनके पिता। नाटकों के दीवाने पंडित राधेश्याम ने बरेली में देखे गए नाटकों के गानों की तर्ज पर भजन और धुनें बना डाली। यहीं से शुरू हुआ भारत में रामकथा के संवादों का स्वर्ण युग। 1910 में पंजाब के नानक चंद खत्री की न्यू अलबर्ट कंपनी बरेली आई। तब तक रामकथा के गायक के रुप मे राधेश्याम को ख्याति मिल चुकी थी। उनकी भाषा ने रामकथा को एक नया संस्कार दिया था।

यह खड़ी बोली का सबसे व्यापक प्रयोग था। राधेश्याम की प्रतिभा से पारसी थियेटर में रामकथा गूंजने लगी। लेकिन इससे बड़ा स्थायी परिवर्तन हुआ दस साल बाद जब राधेश्याम रामायण छपी। रामलीलाओं को पात्रों के लिए उनके संगीतबद्ध संवाद मिल गए। राधेश्याम रामायण में संवाद की अदायगी ने रामलीलाओं का आनंद ही कई गुना कर दिया। नगाड़े की गमक और ढपली की थाप के साथ जब रामलीला के कलाकार पं. राधेश्याम के परशुराम-लक्ष्मण संवाद, अंगद-रावण संवाद, हनुमान-रावण संवाद बोलते थे भीड़ का रोमांच देखते ही बनता था। उनके संवाद रामलीला देखने आए दर्शकों की स्मृतियों में सदैव के लिए अंकित हो गए। वाल्मीकि से तुलसी तक हनुमान के संवादों को ज्ञान और भक्ति की गरिमा दी गयी। पर पं. राधेश्याम की कविताई ने उसमें नाटकों का अनोखा रोमांच भर दिया।

राधेश्याम रामायण में हनुमान और मेघनाद के संवाद में अद्भुत शब्द व्यंजना है। इसे मंच पर सुनकर रोमांच होना स्वभाविक ही था-

मैं मेघनाथ कहलाता हूँ, बैरी को सदा हराया है।
जीता है मैंने स्वर्गलोक, पद इन्द्रजीत का पाया है।।
पर तू भयभीत न हो मन में, बल नहीं तुझे दिखलाउंगा।
श्रीमान पिताजी के सम्मुख, केवल तुझे ले जाऊँगा।।
हनुमत बोले युद्ध कर, बातों का क्या काज।
इन्दर्जालिये खेल ले, इंद्रजाल सब आज।।
यदि तुझको कुछ बन पड़े नहीं, तो अभी पिता को बुलवाले।
क्यों खड़ा हुआ मुहँ तकता है, अपने सब कर्तब दिखलाले।।
तेरा मेरा रण ही क्या है, मैं तुझको खेल खिलाता हूँ।
तू मेघनाथ कहलाता है, मैं रामदास कहलाता हूँ।।
तू इन्द्रजीत छलवाला है, मैं कामजीत बलवाला हूँ।
तू दीपक है, मैं हूँ मशाल, रविकुल रवि का उजियाला हूँ।।

रावण और हनुमान के संवाद पढ़िए। पं. राधेश्याम ने रामकथा की नाटकीयता को चरम पर पहुंचाया। लेकनि उनकी भाषाई श्रेष्ठता देखिए। वाल्मीकि से पं. राधेश्याम तक रामकथा के चरित्रों का अपूर्व भाषाई विभूति के साथ यह हमारी धरोहर है।

लंकेश्वर की सभा में, पहुचें जभी कपीश।
क्रोधित होकर उसीक्षण, बोल उठा दशशीश।।
रे वानर तू कौन है, क्या है तेरा नाम।
आया क्यों दरबार में, क्या है मुझसे काम।।
तू कौन कहाँ से आया है, कुछ अपनी बात बता बनरे।
उद्धान उजाड़ा क्यों मेरा, क्या कारण था बतला बनरे।।
लंका के राजा का तूने, क्या नाम कान से सुना नहीं।
तू इतना ढीठ निरंकुश है, मेरे प्रताप से डरा नहीं।।
मारा है अक्षकुवंर मेरा, तो तेरा क्यों न संहार करूं।
तू ही न्यायी बनकर कहदे , तुझसे कैसा व्यवहार करूं।।
ब्रह्मफांस से मुक्त हो, बोले कपि सविवेक।
उत्तर कैसे एक दूँ, जब हैं प्रश्न अनेक।।
दशमुख की प्रश्न-पुस्तिका के, पन्ने क्रम-क्रम से लेता हूँ।
पहला जो पूछा सर्व प्रथम, उसका ही उत्तर देता हूँ।।
सच्चिदानंद सर्वदानंद, बल बुद्धि ज्ञान सागर हैं जो।
रघुवंश शिरोमणि राघेवेंद्र, रघुकुल नायक रघुवर हैं जो।।
जो उत्पत्ति स्थिति प्रलय रूप, पालक पोषक संहारक हैं।
इच्छा पर जिनकी विधि-हरिहर, संसार कार्य परिचालक हैं।।
जो दशरथ अजर बिहारी हैं, कहलाते रघुकुल भूषण हैं।
रीझी थी जिनपर सूपर्णखा, हारे जिनसे खरदूषण हैं।।
फिर और ध्यान देलो जिनकी, सीता को हरकर लाये हो।
मैं उन्हीं राम का सेवक हूँ, तुम जिनसे वैर बढाये हो।।

रामलीलाओं में ये गाए संवाद उत्तर भारत में लोगों के याद हैं। कुछ ऐसे ही प्रयोग आदिपुरुष में होने चाहिए थे। आदिपुरुष देखना एक त्रासदी है। मैंने आधी त्रासदी झेली। आधे में सो गया। बगल में मुतरेजा जी थे। उन्होंने बिना थ्रीडी वाले चश्मे के फिल्म देखी। इसलिए वे भी बच गए। क्योंकि उन्हें साफ-साफ दिखलाई नहीं पड़ा। मैने मुतरेजा जी से पूछा बताओ कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा उन्होंने कहा सर उसे पता होगा कि आगे चल कर यह आदिपुरुष में काम करेगा। मुतरेजा भी विद्वान है।

मेरे बगल की एक सीट खाली थी। शायद हनुमान जी के लिए। एक झपकी लेने के बाद, झटके में जब मेरी नींद टूटी तो मैंने बगल वाली सीट पर बैठे बजरंगबली से पूछा। इस फिल्म में आपकी बड़ी दुर्दशा हुई कपिराज ।

वे बोले उमा कहऊँ मैं अनुभव अपना, सत हरि भजन जगत सब सपना। मैंने कहा यह सपना नहीं था संकटमोचन जी यह तो फिल्म थी। वह बोले जहां काम तहां राम नाही जहां राम तहां काम नाही। तुलसी कबहूँ होत नहिं, रवि रजनी इक ठाम।। मैंने कहा हे ज्ञानिनाम अग्रगण्य मैं आपकी बात समझा नहीं। मुझे मेरी भाषा में फिल्म के बारे में बताएं। वे हंसे और बोले, मैं अपनी और तुम्हारी भाषा में नहीं, उसी की भाषा में बताता हूं। भाषा तेरे बाप की। संस्कार तेरे बाप का। तू सपोला तेरे बाप का।

पुनश्च- आदिपुरुष देख हो सकता है मेरी भाषा थोड़ी गड़बड़ा गयी हो। उसके लिए माफी

# टमाटर को बुखार!

**ऋषभदेव शर्मा**

**पूरे** भारत में टमाटर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी चिंता का कारण है। कुछ स्थानों पर टमाटर की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है, जिससे आम लोगों के लिए टमाटर खरीदना मुश्किल हो गया है। शुक्र है कि आम चुनाव अभी दूर है वरना टमाटर का यह बुखार कभी का सत्ताविरोधी लू की लहर में बदल गया होता! टमाटर की कीमतों में उछाल के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला ठीकरा मानसून के और दूसरा जलवायु परिवर्तन के सिर फोड़ा जाना स्वाभाविक है। क्योंकि कीमतें वश में रहें तो सरकारें शाबाशी ले लिया करती हैं लेकिन बढ़ने पर जिम्मेदारी लेने से कन्नी काट जाती हैं। बेशक टमाटर की खेती के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और इस साल देरी के कारण फसल की पैदावार कम हुई है। लेकिन इस समस्या का पूवार्नुमान और उचित प्रबंधन न कर पाने की जिम्मेदारी कौन लेगा? यही बात उच्च तापमान के बारे में भी है। उच्च तापमान ने टमाटर की उपज को कुप्रभावित किया है, जिससे फसल की पैदावार में और गिरावट आई है। व्यवस्था चाहे तो उलटे उपभोक्ता को भी टमाटर की इस असामान्य सुर्खी के लिए जिम्मेदार ठहरा सकती है। त्योहारों और शादी के सीजन के कारण इन दिनों टमाटर की माँग बढ़ी जो है! इस बढ़ी हुई माँग ने सप्लाई की जान निकाल दी है, जिससे टमाटर का पारा सातवें आसमान पर चढ़ना स्वाभाविक है। इन तमाम खूबसूरत बहानों के बावजूद इस बदसूरत सच्चाई को नहीं नकारा जा सकता कि इस मूल्य वृद्धि का अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे लोगों के लिए टमाटर खरीदना मुश्किल हो रहा है, जिससे अन्य सब्जियों की माँग में कमी आ रही है। इसका कृषि क्षेत्र पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि किसानों को उनकी उपज के लिए कम कीमत मिल रही है। कीमतों में बढ़ोतरी के राजनैतिक असर से भी बचना मुमकिन नहीं। सरकार पर कीमतों पर नियंत्रण के लिए कदम उठाने का दबाव है। हालाँकि, सरकार अब तक ऐसा करने में असमर्थ रही है। इससे सरकार में विश्वास की कमी हो रही है और इसका असर आगामी चुनावों पर पड़ सकता है। याद रहे कि इस वर्ष कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। आम चुनाव में तो खैर कुछ देर है। इसलिए भी टमाटर की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार को तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है। वरना पहले भी इसकी बहन प्याज ने सल्तनतें गिराई हैं, तो यह भी तख्ता पलटने की कूवत तो रखता ही है! इसलिए सरकार को तुरंत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने, टमाटर का आयात बढ़ाने और जमाखोरी और कालाबाजारी पर नकेल कसने जैसे उपाय आजमाने चाहिए। सरकार को उन अंतर्निहित समस्याओं का भी समाधान करने की आवश्यकता है जिनके कारण कीमतों में वृद्धि हुई है, जैसे कि विलंबित मानसून और उच्च तापमान। कहना न होगा कि अगर सरकार कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो समस्या और भी बदतर हो जाएगी। आर्थिक और राजनीतिक प्रभावों के अलावा, टमाटर की कीमत में उछाल का सामाजिक प्रभाव भी पड़ रहा है। भारत में टमाटर बहुत से लोगों के मुख्य भोजन का हिस्सा है। कीमतों में असाधारण बढ़ोतरी के कारण उनके लिए दैनिक भोजन का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। इससे कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा होंगी। टमाटर की कीमतों में यह उछाल भारतीय कृषि क्षेत्र की कमजोरी को उजागर करता है। यह क्षेत्र काफी हद तक मानसून पर निर्भर है, और मानसून चक्र में किसी भी व्यवधान से फसल की पैदावार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। सरकार को कृषि क्षेत्र की असुरक्षा को कम करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है, और यह सुनिश्चित करना होगा कि देश भविष्य में कीमतों के झटकों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो।

अंततः टमाटर की कीमतों में उछाल खाद्य सुरक्षा के महत्व की भी याद दिलाता है। भारत बढ़ती आबादी वाला एक बड़ा देश है और यह जरूरी है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए कि हर किसी को किफायती और पौष्टिक भोजन मिले। सरकार को कृषि क्षेत्र में निवेश करने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ विकसित करने की जरूरत है।

# मैना से मनुहार...जामुन गिरा दे

**मोहन मंगलम**

**बाग** शब्द की व्युत्पत्ति के बारे में तो व्याकरण और भाषा के जानकार ही आधिकारिक रूप से बता सकेंगे, लेकिन मैं जहां तक समझ पाया हूं, बाग उस स्थान को कहते हैं, जहां जाते ही दिल बाग-बाग हो जाये। बिहार में पेड़ को गाछ और बाग को गाछी कहते हैं। जिसके पास जाने पर मन झूम-झूम कर गाने लगे और पैर छम-छम करके थिरकने को मचल उठें, उसे गाछ तथा गाछी नहीं तो और फिर क्या भी कहा जाये!

मैं खुशकिस्मत हूँ कि गांव में मेरा घर जिस टोले में है, वहां जिधर देखो, आम के ही बगीचे नजर जाते थे। इसीलिए हमारे टोले को गाछी टोला कहा जाता था। बचपन के दिनों को याद करता हूं तो अंग्रेज के जून और हिंदी के आषाढ़ का महीना आम की मिठास से मह-मह करता रहता था। यह मौसम हमारे लिए मौज-मस्ती से भरा हुआ करता था। दिन भर दोस्तों या भाई-बहनों के साथ इस बगीचे से उस बगीचे तक डोलते रहना, छककर तरह-तरह के अद्भुत-अनुपम स्वाद वाले आम खाना... गाछी में दीदी और उनकी सहेलियों के बनाए गए सुस्वादु व्यंजनों के साथ वनभोज का आनंद... क्या-क्या गिनाऊं।

तब स्कूलों का सत्र जनवरी से दिसंबर तक चला करता था। पांच महीने की पढ़ाई और स्कूल के अनुशासन की कैद के बाद जून का पूरा महीना गर्मी की छुट्टी के नाम हुआ करता था। शहर के बच्चों को जहां साल भर जून महीने का इंतजार रहता था कि कब गर्मी की छुट्टी हो और ननिहाल जाएं, वहीं हम गांव के बच्चों के लिए यह प्रकृति मां की गोद में समय बिताने का सुअवसर होता था। मई मध्य तक अमूमन आम के बगीचों में घर से एक मड़ैया लाकर प्रतिस्थापित कर दिया जाता। फिर बाग की रखवाली के लिए दिन में परिवार की बुजुर्ग महिला का बसेरा वहीं हुआ करता था। शाम होने पर बुजुर्ग महिला घर लौट आतीं और परिवार के कोई वरिष्ठ और जिम्मेदार पुरुष रात का खाना खाकर आम के बगीचे में ही सोते थे। यह क्रम आखिरी पेड़ से आम तोड़े जाने तक चला करता था। हम बच्चे तेज धूप के बावजूद दोपहर में बगीचे में पहुंच जाते। वहां हमारी आंखें पेड़ पर सबसे पहले पकने वाले आमों को खोजने लगतीं। मनपसंद आम तोड़कर खाने के बाद बच्चों की टोली जामुन की तलाश में निकल जाती। उस जमाने में जामुन का कोई व्यावसायिक महत्व नहीं होता था। ऐसे में किसी दूसरे के बगीचे में लगे पेड़ से भी जामुन तोड़ने की मनाही नहीं थी। मगर जामुन के पेड़ काफी लंबे होते थे।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## सेतु निर्माण निगम सीएम की नीति पर लगा रहा पलीता, तरौंहा से गोबरिया पुल को बताया पूर्ण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सेतु निर्माण निगम ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति पर पलीता लगा रहा है।

गुरुवार को सेतु निर्माण निगम के पलीता लगोन की खबर मिली है। चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में निमार्णाधीन अधूरे पुल को सेतु निर्माण निगम ने पूर्ण बता दिया है। महादेवन में बाणगंगा नदी में बनाये जा रहे पुल और सड़क में जमकर धांधली की जा रही है। अभी तक सेतु निर्माण निगम ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। इसके चलते 78 मीटर सड़क अभी तक बाधित है।

ग्रामीणों ने सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर जानबूझकर परियोजना पूरी करने में देरी का आरोप लगाया है। सरकार से निर्माण कार्यो को समय से पूरा कराने की गुहार लगाई है। महादेवन के पुल से महज 20 मीटर की दूरी पर सड़क मार्ग के मध्य में नीम का पेड़ है। जिसके नीचे से सड़क मार्ग बना दिया है, पेड़ नही हटाया गया। इससे आये दिन हादसे होने के आसार हैं। सड़क मार्ग के निर्माण में सीमेंट और सामग्री भी मानक के अनुरूप नहीं लगाई।

## जिले के पूर्व बीएसए पर शासन ने की कार्यवाही, बीएसए राजीव रंजन मिश्र ने भ्रष्टाचार की हदें पार की

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पद में तैनाती दौरान शिक्षकों का शोषण करने वाले- वर्तमान में जौनपुर के सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव रंजन मिश्रा के खिलाफ शासन ने अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की है।

गुरुवार को चित्रकूट में तैनाती दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन मिश्रा ने निजी स्वार्थ पूर्ति को बिना किसी कारण के 92 शिक्षकों को निलंबित किया था। फिर पैसे लेकर बिना किसी दंड के मनमानी ढंग से बहाली की थी। टेंडर वाली बुलेरो गाड़ी को हटाकर परिचित की स्विफ्ट डिजायर कार लगाकर सरकारी धन निकाला था। अपने समकक्ष पूर्वाधिकारियों के पारित दंडादेशो को निस्तारित करने, सामान्य कारणों में शिक्षकों को निलंबित और दूसरे स्थानों पर बहाली करने के मामलो में दोष सिद्ध पाया है।

बीएसए राजीव रंजन मिश्रा की शिकायत सदर विधायक अनिल प्रधान व जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने शासन से की थी। इन दिनों जौनपुर में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव रंजन मिश्रा हैं। यहां रहते जमकर भ्रष्टाचार किया था। शिक्षकों का जमकर शोषण भी किया था। तत्कालीन भ्रष्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन मिश्रा पर कार्यवाही होने पर जिले की यूटा इकाई ने खुशी जताई है।

## 71 माह में दस हजार शिक्षामित्रों की हुई है मौत: सर्वेश यादव, शिक्षामित्रों का भविष्य खतरे में

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिक्षामित्र संघ के वरिष्ठ नेता/सामाजिक पर्यावरण चिन्तक सर्वेश यादव ने बताया कि कमर तोड़ महंगाई में शिक्षामित्रों का जीवन जीना दुष्कर है। ये जानते हुये भी सरकार ने शिक्षामित्रों को मरने को मजबूर कर दिया है।

गुरुवार को शिक्षामित्र सर्वेश यादव ने बताया कि 71 महीनों में दाल में 80 रुपये, टमाटर में 80 रुपये, तेल रिफाइन्ड में 60 रुपये, चावल में 30 रुपये, नमक में दस रुपये प्रति किलो, रसोई गैस में 700 रुपये अन्य सामान भी 50 फीसदी महंगा हो गया है। शिक्षामित्रों के मनदेय में एक पैसा नहीं बढाया। अन्य राज्य सरकारें शिक्षामित्रों को 25 से 40 हजार मानदेय दे रही हैं। उप्र की योगी सरकार पूरे देश में फिसड्डी और क्रूर साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी, सामाजिक उपेक्षा से 71 महीनों में दस हजार शिक्षामित्रों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में औसतन प्रतिदिन तीन-चार शिक्षामित्रों की मौत का सिलसिला जारी है। शिक्षामित्रों को दस हजार मानदेय मिलता है। पूरे परिवार का भरण पोषण, बूढ़े मां-बाप की दवाई व बच्चों के भविष्य की रक्षा कैसे की जाये। सर्वेश यादव ने सवाल उठाया कि प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य करने वाले शिक्षामित्रों को किस गुनाह की सजा मिल रही है।

## ऐंचवारा में आज होगा भव्य कवि सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** त्यागी इंटर कालेज ग्राउंड ऐंचवारा में प्रथम कवि सम्मेलन 30 जून को शाम सात बजे से होगा। कवि सम्मेलन में सूबे के राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी, विधायक मानिकपुर अविनाशचंद्र द्विवेदी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे के मुख्य आतिथ्य में स्व चंद्रपाल शुक्ल की स्मृति में भव्य कवि सम्मेलन होगा। सम्मेलन के संयोजक कवि अभिषेक शुक्ल ऐंचवारा, आयोजक प्रधान ऐंचवारा सुनील शुक्ला एवं सभी ग्रामवासी हैं।

## पुलिस ने दबोचे दो शराब कारोबारी, 25 पाउच देशी व 15 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने 25 पाउच देशी शराब व 15 लीटर महुआ शराब समेत दो को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह की टीम ने राजनारायण पुत्र कल्लूराम निवासी मैनहाई कोतवाली कर्वी को 25 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा प्रवीण सिंह, सिपाही रवीन्द्र कुमार व आशीष कुमार सिंह शामिल रहे।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने श्रीमती सुमित्रा पत्नी कामता निवासी सिकरी मजरा खोपा थाना सरधुवा को 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, सिपाही ललित सोनी व महिला सिपाही श्यामलली शामिल रहीं।

## यूरिया खाद न होने से किसान को महंगे दामों में मिल रही खाद

**नगीना।** **क्षेत्र** में भारी वर्षा के बाद फसलों को खाद की भारी आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन गन्ना समिति सहित कोआपरेटिव समितियों में यूरिया खाद न होने से किसान को महंगे दामों में प्राइवेट दुकानों से खरीदने को मजबूर हैं।पिछले एक सप्ताह में क्षेत्र में मानसून की वर्षा हुई जिसके बाद किसानों को राहत मिली। लेकिन इस समय किसानों को फसल की बाढ़बार के लिए के लिए यूरिया खाद की बेहद आवश्यकता होती है।

# अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड

### 50 लाख की सामग्री बरामद-दो गिरफ्तार, गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज, एसपी वृन्दा शुक्ला ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ लाइन श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में पांच विशेष टीमों ने राजापुर कस्बे में अवैध ढंग से चल रही नकली गुटखा फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में सुपाड़ी (कटी व खड़ी), तम्बाकू, कैमिकल, पिपरमेन्ट, लौंग, इलायची, माउथ फ्रेशनर व अन्य सहायक सामग्री, पैकिंग सामग्री नकली ब्राण्ड के, इलेक्ट्रिक बाट, पैकिंग हीटर, ओबन मशीन, पांच गुटखा मिश्रण बनाने की मशीनें आदि बरामद किया है।

गुरुवार को पुलिस को अवैध गुटखा फैक्ट्री चलने की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एएसपी की देखरेख में सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में पांच टीमों का गठन किया। टीमों ने एक ही समय में पांच स्थानों पर छापेमारी कर तीन स्थानों पर अवैध गुटखा फैक्ट्रियां चलती पायी। फैक्ट्री चलाने वाले जुगराज केशरवानी पुत्र स्व महादेव निवासी स्मारक रोड राजापुर, देवकुमार यादव पुत्र परमेश्वर दयाल यादव निवासी भभेंट राजापुर को दबोच लिया। फैक्ट्री जुगराज केशरवानी के निजी घर में तथा दो फैक्ट्रियां किराये के घर में चलती मिली। मौके से भारी मात्रा में विभिन्न ब्राण्ड के नकली गुटखा रैपर व कैमिकल बरामद हुए। इन फैक्ट्रियों



में मिलावटी गुटखा तैयार किया जा रहा था। जो सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। छापेमारी के बाद जीएसटी एवं खाद्य सुरक्षा टीमों को बुलाकर विधिक कार्यवाही को कहा।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 420, 467, 468, 471, 272, 273 आईपीसी व 59 खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम, कॉपी राइट एक्ट व ट्रेड मार्क अधिनियम दर्ज किया। गुटखा बनाने की पांच मशीने, सात क्विटंल सुपाड़ी, 75 क्विंटल कटी सुगाड़ी, तम्बाकू 270 किग्रा, 40 किग्रा लौंग, इलायची 900 किग्रा, 20 किग्रा अपमिश्रित तम्बाकू सुपाड़ी आदि केमिकल बरामद किया। बरामद सामग्री की 35 लाख रुपए कीमत आंकी गई है। बरामद मशीनें, जनरेटर आदि उपकरण की लागत 50 लाख रुपए है। पुलिस टीम में 1. क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सिपाही आशीष कुमार, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, दरोगा पवन कुमार, सिपाही गोलू भार्गव, राहुल देव, विपिन कुमार, रंजीत यादव, आकाश, प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर भास्कर मिश्र, दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही अजय पाण्डेय, अंकित शुक्ला, जितेन्द्र मौर्य, महिला सिपाही रीना यादव शामिल रहे।

## चन्द्रशेखर आजाद को दें जेड प्लस सुरक्षा

### भीम आर्मी ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाये। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई जाये।



गुरुवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह राणा की अगुवाई में कार्यकताओं ने राष्ट्रपति सम्बोधि ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर 28 जून को देवबंद जिला सहारनपुर में जानलेवा हमला हुआ है। कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलियां बरसाई है। चंद्रशेखर आजाद की मुश्किल से जान बची है। गोलियां शरीर को छूते हुए निकल गई। मांग की गई कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सरकार भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करे। भीम आर्मी जिला संयोजक संजय सिंह राणा ने कहा कि आजाद पर जानलेवा हमला निन्दनीय कृत्य है। इस मौके पर भीम आर्मी के चित्रकूट धाम मंडल महासचिव राहुल अंबेडकर, मंडल सह संयोजक इंद्रभान अंबेडकर, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष आजाद रविराज, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला महासचिव रामसूरत वर्मा, जिला सह संयोजक भीम आर्मी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) राधेश्याम प्रजापति, बहुजन क्रांतिकारी साथी आभाष महासंघ के चित्रकूट जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, बबलू अंबेडकर, भीम आर्मी जिला सह संयोजक कोमल सिंह भारतीय, कर्वी ब्लाक संयोजक राजेश कुमार भारती, कर्वी ब्लाक सह संयोजक लालचंद भारतीय, भीम आर्मी कार्यकर्ता बृजेश कुमार भारतीय, हीरालाल, शनि वर्मा, राजा भइया रवि, बुद्ध बिलास, अर्जुन सविता विधानसभा अध्यक्ष मऊ, सौरभ सेन, राममोहन, गोलू अंबेडकर, छेदीलाल भारतीय, विनोद पाल एड, जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह सोनकर, शुभम पटेल, सौरभ पटेल व हिमांशु पटेल समेत आधा सैकड़ा बहुजन क्रांतिकारी साथी मौजूद रहे।

## पहली बरसात में शास्त्रीनगर में हुआ जलभराव

### ईओ व कोतवाल ने हल कराई समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी के नवसृजित वार्ड शास्त्री नगर एसडीएम कॉलोनी में पहली बरसात में ही जलभराव की समस्या होने से हाहाकार मच गया। प्रशासन ने किसी तरह पुलिस बल के साथ जलभराव की समस्या का समाधान कराया। यह जलभराव की समस्या कई वर्षों से है।



गुरुवार को शास्त्रीनगर मोहल्ले में जलभराव की समस्या और विकट हो गई, क्योंकि क्षेत्र में अमर सिंह यादव की भूमिधरी होने से जल निकासी बंद कर दिया है। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव और कोतवाल गुलाब चंद्र त्रिपाठी ने सफाई कर्मियों से जल निकासी कराई। जल निकासी बाधित करने वाले अमर सिंह यादव ने अफसरों से काफी विवाद किया। सूझबूझ से जलभराव की समस्या को हल कराया। जब तक नाला निर्माण नहीं होता, तब तक जलभराव की समस्या बनी रहेगी। रात में पानी बरसने से एसडीएम कालोनी का पूरा पानी शास्त्रीनगर स्थित राजपूत शिक्षा मंदिर में भर गया। जल निकासी बाधित होने से लोगों के घरों में पानी भर गया। नत्थू हलवाई, रघुनंदन के घर में पानी भरने से नत्थू का कच्चा घर गिर गया। बच्चे बालबाल बचे।

सवेरे वार्ड मेम्बर शंकर यादव ने मोहल्लेवासियों को लेकर एसडीएम राजबहादुर के पास पहुंचे। एसडीएम ने ईओ को समस्या समाधान के निर्देश दिए।

## मुस्लिम भाइयों ने मुल्क के अमनचैन की मांगी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बकरीद का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। देश के अमनचैन को विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। नमाज दौरान सभी मस्जिदों पर पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।



गुरुवार को मुख्यालय के द्वारिकापुरी मोहल्ले में स्थित ईदगाह में बकरीद पर्व की नमाज खासतौर पर पढ़ी गई। मुफ्ती सलाहुद्दीन ने सवेरे साढ़े सात बजे नमाज अदा करायी। तकरीर में मुफ्ती ने मुस्लिम भाइयों से देश के अमनचैन की दुआ मांगी। मुस्लिम भाइयों को बकरीद पर्व की बधाई देने सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, बसपा नेता रामलखन निषाद आदि नेता पहुंचे। बकरीद पर्व की नमाज ईदगाह मस्जिद के साथ नूरानी मस्जिद, जामा मस्जिद, डरियन टोला मस्जिद, मुस्लिम पुरवा सरैंया, मानिकपुर, राजापुर, मऊ और बरगढ़ कस्बे में भी मुस्लिम भाइयों ने अदा की।

## दरोगा पर नाबालिक युवती का अपहरण करने वाले आरोपी को अभय दान देने का आरोप

**बिजनौर।** **दो मा**ह पूर्व नाबालिग युवती का अपहरण कर ले गया था युवक। पीड़िता की माँ का आरोप आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ दो माह तक किया बलात्कार। पुलिस ने युवती को बरामद कर बाल कल्याण समिति द्वारा नारी निकेतन भेजा। मामले की विवेचना कर रहे दरोगा पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप। पीड़िता की माँ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि दो माह पूर्व शिव कुमार उर्फ शुभम, लक्ष्मी, गोलू, विशाल, पीड़िता की नाबालिक पुत्री का अपहरण कर ले गए थे। जिसके बाद पीड़िता की माँ ने आरोपियों के विरुद्ध एक शिकायती पत्र स्थानीय पुलिस को सौपतें हुए अपनी पुत्री की बरामदगी की मांग की थी। पीड़िता की माँ की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बीती 21 जून को युवती को बरामद कर लिया था। जिसके बाद मंगलवार को बाल कल्याण समिति द्वारा युवती को नारी निकेतन मुरादाबाद भेज दिया गया।

युवती की माँ का आरोप है कि आरोपी शुभम युवती के अपहरण के दौरान उसके साथ लगातार बलात्कार करता रहा। साथ ही पीड़िता की माँ का आरोप है कि मामले की विवेचना कर रहे दरोगा द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी ना कर लगातार उन्हें अभय दान दिया जा रहा है। पीड़िता की माँ ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाते हुए जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है जल्द ही कानूनी रूप से पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा।

## एसपी के निर्देश पर छह के खिलाफ गुण्डा एक्ट, मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने भोलीभाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले छह लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

गुरुवार को थानाध्यक्ष मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने गोलू मिश्रा उर्फ पंकज पुत्र दीपनारायण मिश्रा निवासी तिलौली, अश्वनी मिश्रा पुत्र बालकृष्ण मिश्रा तिलौली, उदयराज पुत्र लालजी पटेल निवासी बियावल, दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा निवासी शिवपुर, लवलेश पुत्र चन्द्रशेखर निवासी बरवारव मुकेश उर्फ गुड्डू निषाद पुत्र रामदास निवासी बरवार के खिलाफ श्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है

## बन्दूक समेत आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्र चन्द्र पांडेय की अगुवाई में दरोगा अजय बहादुर सिंह की टीम ने लाइसेंसी बन्दूक से फायरिंग करने वाले को बन्दूक व कारतूस समेत गिरफ्तार किया।




गुरुवार को रैपुरा थाने में दर्ज बलबा व मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के मामले में नामजद आरोपी अजय तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी निवासी भखरवार को लाइसेंसी बन्दूक व कारतूस समेत दरोगा अजय बहादुर सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया। घटना के समय आरोपी लाइसेंसी बंदूक से वादी को डराने धमकाने को हवाई फायरिंग करने की पुष्टि हुई। टीम में दरोगा अजय बहादुर सिंह व दीवान आसाराम शामिल रहे।

## दूध वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, घायल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपने घर से रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार को बिना नम्बर के दूध वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया।

ये हादसा गुरुवार को सवेरे साढे दस बजे हुआ। बताया गया कि फतेहपुर जिले के धाता थाने के बेनीपुर गांव के नागेंद्र सिंह (45) पुत्र स्व जयप्रकाश सिंह अपनी भाभी कुसुमा (48) को लेकर मोटरबाइक से मऊ थाने के खंडेहा रिश्तेदारी में जा रहा था। सवेरे साढे दस बजे पियरियामाफी से राजापुर की ओर जा रहे दूध वाहन की ठोकर से दोनों घायल हो गये। मौके पर मौजूद सदानन्द पाण्डेय व आशीष पाण्डेय ने बताया कि छीबो से राजापुर की ओर जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के फेर में ये हादसा हुआ।

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल, बोलेरो चालक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बाइक सवार को बोलेरो ने ठोकर मार दी। बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा करबी कोतवाली क्षेत्र में हुआ। महिला के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है, जबकि पति का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गुरुवार को पहाड़ी थाना के रामकेश वर्मा अपनी पत्नी बिसनिया के साथ जिला मुख्यालय आया था। कर्वी से आशोह गांव जाते समय बोलेरो ने बाइक में ठोकर मार दी। इससे बिसनिया की मौके पर मौत हो गई। पति रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। कर्वी कोतवाल गुलाबचंद त्रिपाठी ने बताया कि रामकेश सफाई कर्मी था। वह पत्नी के साथ घर का सामान लेने आया था। घर लौटते समय ये हादसा हो गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। घायल सफाई कर्मी राकेश कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बोलेरो चालक को गाड़ी समेत पकड़ लिया है।

## राष्ट्रपति जो बाइडन के चेहरे पर दिखे रहस्यमयी निशान, चर्चा के बीच व्हाइट हाउस ने दिया जवाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चेहरे पर हाल ही में रहस्यमयी निशान दिखाई दिए, जिसके बाद इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर शुरू हो गया। अब व्हाइट हाउस को इस पर बयान जारी करना पड़ा है। व्हाइट हाउस ने बताया कि यह निशान CPAP डिवाइस का है, जिसे नींद ना आने की बीमारी के चलते, जो बाइडन पहनकर सोते हैं।

बता दें कि जो बाइडन बुधवार को शिकागो में एक कार्यक्रम में शामिल होने शिकागो जा रहे थे, इसी दौरान मीडिया के कैमरों ने जो बाइडन के चेहरे पर कुछ रहस्यमयी लाइनें देखीं। इन्हें लेकर सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया। जिसके बाद अटकलों पर विराम लगाने के लिए व्हाइट हाउस की डिप्टी प्रेस सचिव एंड्रयु बेट्स ने बताया कि खर्राटों को बंद करने और नींद ना आने की समस्या में बड़े पैमाने पर लोग CPAP मेडिकल डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं।

**व्हाइट हाउस ने दिया ये जवाब**

व्हाइट हाउस ने बताया कि जो बाइडन भी इस डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं और बाइडन के चेहरे पर दिख रहे निशान भी उसी मेडिकल डिवाइस की वजह से बने हैं। बेट्स ने कहा कि जो बाइडन 2008 में अपनी नींद ना आने की बीमारी के बारे में खुलासा कर चुके हैं। जो बाइडन ने बीती रात भी डिवाइस का इस्तेमाल किया था, जिसकी वजह से उनके चेहरे पर निशाना बन गया। बता दें कि जो बाइडन पहले से ही अपनी बढ़ती उम्र और सेहत को लेकर आलोचकों के निशाने पर हैं, यही वजह है कि लोग जो बाइडन के चेहरे पर दिखे निशान भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए।

## विश्व युद्ध में भाग लेने वाले आखिरी सिख सैनिक को मिला अवार्ड, पीएम सुनक ने किया सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 101 साल के भारतीय मूल के पूर्व सैनिक को पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड से सम्मानित किया। बता दें कि पूर्व सैनिक राजिंदर सिंह धत्त द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले आखिरी जीवित सिख सैनिक हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित यूके-इंडिया सप्ताह के दौरान राजिंदर सिंह धत्त को यह सम्मान दिया।

**1963 में ब्रिटेन गए थे धत्त**

ब्रिटेन में 'अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन' के प्रयासों से राजिंदर सिंह धत्त के योगदान को पहचान मिली। बता दें कि यह एसोसिएशन भारतीय ब्रिटिश पूर्व सैनिकों को एक साथ लाने और उनके कल्याण के लिए काम करती है। राजिंदर सिंह धत्त का जन्म अविभाजित भारत में साल 1921 में हुआ था। धत्त ब्रिटेन की तरफ से द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े और बाद में साल 1963 में परिवार समेत ब्रिटेन में बस गए।

**अवार्ड मिलने पर कही ये बात**

पॉइंट्स ऑफ लाइट सम्मान से सम्मानित होने पर राजिंदर सिंह धत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों अवार्ड मिलना सम्मान की बात है। धत्त ने अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन को भी धन्यवाद दिया। बता दें कि पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड उन लोगों को दिया जाता है, जो अपने कामों से समाज में बदलाव लाते हैं और जिनकी कहानी दूसरे लोगों को प्रेरित करती है। दस डाउनिंग स्ट्रीट में इन दिनों यूके-इंडिया सप्ताह मनाया जा रहा है। इंडिया ग्लोबल फोरम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए इसका आयोजन कर रहा है।

## ईरान ने कनाडा को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में घसीटा, आतंकवाद पीड़ितों को मुआवजा देने से जुड़ा है मामला

**लंदन।** ईरान कनाडा को आतंकवाद का प्रायोजक घोषित कर उसे (ईरान को) मिली छूट का कथित तौर पर उल्लंघन करने के मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में घसीटा है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कनाडा ने 2012 में ईरान को आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में सूचीबद्ध किया था और सीरिया में बशर असद के शासन के लिए तेहरान के समर्थन, उसके परमाणु कार्यक्रम और इजरायल के लिए खतरों के कारण संबंधों में तनाव के बाद राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। इस्लामिक गणराज्य ने कहा कि कनाडा ने 2012 में पारित एक कानून से अपनी प्रतिरक्षा का उल्लंघन किया था जो पीड़ितों और उनके परिवारों को आतंकवाद के राज्य प्रायोजकों से नुकसान की भरपाई करने की अनुमति देता है।

## फ्रांस में पुलिस की गोली से किशोर की मौत के बाद भड़की हिंसा, जगह-जगह आगजनी व पथराव

**24 सुरक्षाकर्मी हुए घायल, 150 से ज्यादा लोग गिरफ्तार**

**पेरिस।** फ्रांस में एक पुलिस कर्मी की गोली से किशोर की मौत के बाद भीषण हिंसा भड़क गयी है। देश भर के अलग-अलग हिस्सों में आगजनी और पथराव हो रहा है। गुस्साए लोग भीड़ की शक्ल में एकत्र होकर पुलिस और सुरक्षाबलों पर हमले कर रहे हैं। कई वाहन फूंके जा चुके हैं। हिंसा में 24 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं और 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस के उपनगर नानतेरे में ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिसकर्मी ने एक किशोर को गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर को पॉइंट ब्लैंक रेंज से छाती में गोली मारी गई। इस पर पुलिस का कहना था कि किशोर ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने गोली चलाई।



हालांकि घटना का वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया कि पुलिस झूठ बोल रही है। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने न सिर्फ पेरिस, बल्कि पूरे फ्रांस में आक्रोश प्रकट करना शुरू कर दिया। जगह-जगह पथराव व आगजनी शुरू कर दी गई। कई वाहनों में आग लगा दी गई। नानतेरे शहर में प्रदर्शनकारियों ने धमाके किये, जिससे जगह-जगह आग लग गई। यह हिंसा देश के अलग-अलग हिस्सों में फैल गई है। बसों में आग लगा दी गई है। फ्रांस के दक्षिणी शहर तोलाउस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पथराव हुआ। इस कारम सुरक्षार्मियों पर भी हमले हो रहे हैं और 24 सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके हैं। पुलिस ने देश भर में 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

**राष्ट्रपति ने बताया अस्वीकार्य व अक्षम्य**

इस घटनाक्रम के बाद फ्रांस के सुरक्षा बलों के खिलाफ गुस्सा फूट रहा है। पुलिसकर्मी द्वारा किशोर की गोली मारकर हत्या करने की निंदा हो रही है। कई सेलिब्रिटी ने घटना पर दुख जताया है। सरकार ने भी अपने बयान में सुरक्षाबलों की ही आलोचना की है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने कहा कि किशोर की हत्या अस्वीकार्य और अक्षम्य है। इस हत्याकांड को किसी भी तरह से न्यायोचित करार नहीं दिया जा सकता।

## पाकिस्तान में बकरीद पर कुर्बान जानवरों के चमड़े बेच पैसे कमाने वाली JUD की 10 शाखाओं पर लगा बैन

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने 84 प्रतिबंधित संगठनों की एक सूची जारी की, जो ईद-उल-अजहा के दौरान कुर्बान पशुओं के अवशेष एकत्र नहीं कर सकेंगे। इनमें 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के सरगना हाफिज सईद नेतृत्व वाले संगठन जमात-उद-दावा (JuD) की 10 तथाकथित धर्मार्थ शाखाएं भी शामिल हैं। ईद-उल-अजहा का त्योहार बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। पाकिस्तान में लोग लाखों पशुओं की कुर्बानी करते हैं और आतंकवादी समूह उन जानवरों के अवशेष एकत्र करके उन्हें बेचते हैं और धन जुटाते हैं।

पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने स्थानीय समाचार पत्रों में 84 संगठनों की सूची के साथ एक अधिसूचना प्रकाशित कराई है। अधिसूचना में चेतावनी दी गई है कि प्रतिबंधित संगठनों को किसी तरह की वित्तीय सहायता (नकदी या कुर्बान पशुओं के अवशेष) देने वालों के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अधिसूचना में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि 84 प्रतिबंधित संगठनों में से 10 JuD की धर्मार्थ शाखाएं हैं। इन शाखाओं में अल-नफल ट्रस्ट लाहौर, इदारा खिदमत-ए-खल्क लाहौर, अल-दावतुल इरशाद पाकिस्तान, अल हंद ट्रस्ट फैसलाबाद, अल-मदीना फाउंडेशन, माज़ बिन जबल एजुकेशन ट्रस्ट, फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन अल-फजल फाउंडेशन और अल आइसर फाउंडेशन लाहौर शामिल हैं।

## कैलिफोर्निया में रेल पटरी पर फंसे ट्रक से टकराकर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 16 घायल

**सैक्रामेंटो।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में रेल पटरी पर फंसे एक ट्रक से टकराकर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। ट्रेन के बेपटरी होने के परिणामस्वरूप 16 लोग जख्मी हो गए। ट्रक चालक सहित कुछ यात्रियों की स्थिति गंभीर बताई गयी है। हादसे के शिकार दो सौ से अधिक यात्रियों व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

लॉस एंजिल्स से सिएटल तक जाने वाली ट्रेन नंबर-14 सुबह सवा ग्यारह बजे के आसपास कैलिफोर्निया के मूरपार्क स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। दरअसल, रेल पटरी पर एक ट्रक फंसा हुआ खड़ा था, जिस कारण रास्ता अवरुद्ध था और उस ट्रक से टकराकर ही ट्रेन बेपटरी हुई थी। ट्रेन के अचानक दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। राहत कर्मियों ने काम शुरू किया तो 16 लोगों के घायल होने की बात सामने आई। वेंचुरा काउंटी



अग्निशमन विभाग के अनुसार ट्रक चालक सहित कुछ यात्री गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर ले जाए गए हैं। अन्य यात्रियों को सामान्य चिकित्सा केंद्रों में भेजा गया है। ट्रेन का संचालन कर रही एमट्रैक ने बयान जारी कर कहा कि ट्रक से टक्कर के बाद पटरी से उतरने के बाद भी ट्रेन सीधी खड़ी रही। एमट्रैक ग्राहकों की वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था के तौर पर काम कर रहा है। हादसे में दो सौ से अधिक यात्रियों व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। दमकल और आपातकालीन चिकित्सा कर्मी के अनुसार स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। इस हादसे के बाद एमट्रैक ने स्थानीय अधिकारियों से मिलकर दुर्घटना की जांच कराने की बात भी कही है।

## बाल सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली यूएन की सूची से 12 साल बाद भारत का नाम हटा, भारत सरकार की तारीफ

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के विभिन्न देशों में बच्चों के शोषण को लेकर जारी की जाने वाली सालाना वैश्विक सूची से 12 साल बाद भारत का नाम हटा दिया है। चिल्ड्रन एंड आर्म कनफ्लिक्ट रिपोर्ट में 2010 से भारत का नाम शामिल किया जा रहा था।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर में हथियारबंद समूहों में नाबालिगों की भर्ती, सेना की तरफ से उनकी हिरासत सहित अन्य गतिविधियों के कारण भारत का नाम इस सूची में डाला गया था। सूची में पाकिस्तान सहित बुर्किना फासो, नाइजीरिया, फिलिपीन्स जैसे देश लंबे समय से अभी भी बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि भारत सरकार ने बच्चों की सुरक्षा के क्षेत्र में सार्थक कदम उठाए हैं इसलिए इस रिपोर्ट से भारत का नाम हटा दिया गया है। पिछले साल अपनी रिपोर्ट में उन्होंने



अपने विशेष प्रतिनिधि के साथ भारत सरकार की निरंतर भागीदारी का स्वागत किया और कहा था कि इन प्रयासों की वजह से भारत को इस सूची से हटाया जा सकता है। उन्होंने भारत से अपने विशेष प्रतिनिधि और संयुक्त राष्ट्र के परामर्श के मुताबिक शेष उपायों को लागू करने का भी आह्वान किया।

## अमेरिकी तटरक्षक का दावा- 'टाइटन' पनडुब्बी के मलबे में संभवतः 'मानव अवशेष' भी मिले

नडुब्बी 'टाइटन' के मलबे में संभवतः मानव अवशेष भी बरामद किए गए हैं और अमेरिकी अधिकारी सबूत को देश वापस ला रहे हैं। अमेरिका तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। 'टाइटैनिक' जहाज का मलबा देखने अटलांटिक सागर के अंदर गई 'टाइटन' पनडुब्बी में पिछले सप्ताह अचानक विस्फोट हो गया था। इस हादसे में पनडुब्बी में सवार टाइटैनिक मामलों के एक प्रमुख विशेषज्ञ, एक ब्रिटिश अरबपति, पाकिस्तान के एक अमीर परिवार के दो सदस्यों और इस मिशन को संचालित करने वाली कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की मौत हो गई थी। अमेरिकी तटरक्षक बल के अनुसार, 'टाइटन' पनडुब्बी से मलबा बुधवार को वापस लाया गया। सेंट जॉन्स, न्यूफाउंडलैंड और लैब्राडोर में बंदरगाह पर मलबा वापस लाना जांच का



अभिन्न हिस्सा है, क्योंकि जांच अधिकारी पनडुब्बी में विस्फोट की सही वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। तटरक्षक बल ने बुधवार रात एक बयान में कहा उसने समुद्र तल से मलबा और सबूत बरामद किए हैं। इसमें संभवतः मानव अवशेष भी शामिल है।

अमेरिकी तटरक्षक बल के प्रमुख कैप्टन जेसन न्यूबॉयर ने एक बयान में कहा, ''मैं बेहद दूर व गहराई से इन महत्वपूर्ण साक्ष्यों को निकालने और संरक्षित करने के लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय तथा अंतर-एजेंसी के सहयोग का आभारी हूं।' न्यूबॉयर ने कहा कि साक्ष्य बेहद महत्वपूर्ण है और इससे इस त्रासदी के उचित कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी। इससे पहले, कनाडाई तटरक्षक 22 फुट की पनडुब्बी के मुड़े हुए टुकड़े बुधवार को समुद्र से बाहर लेकर आए थे।

## यूएन रिपोर्ट में खुलासा- सीरिया में हो रहा 'बाल सैनिकों' का इस्तेमाल, सशस्त्र समूहों में बच्चों की भर्ती बढ़ी

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सीरिया में सशस्त्र समूह बच्चों

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सहयोगी कुर्दिश नीत 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज़' (स्डष्ठस्न) भी



शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की है कि तुर्किये समर्थित 'सीरियन नेशनल आर्मी' ने 611 बच्चों की भर्ती की है जबकि अल-कायदा से जुड़े 'हयात ताहिरर अल शाम' ने उत्तर पश्चिमी सीरिया में 383 बच्चों को भर्ती किया है। रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के बलों और सरकार समर्थित मिलिशिया द्वारा बच्चों को भर्ती करने के 25 मामलों का जिक्र है। स्वतंत्र नागरिक संगठन 'सीरियन्स फॉर ट्रूथ एंड जस्टिस' के कार्यकारी निदेशक बस्साम अल अहमद ने कहा कि पूरे सीरिया में बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

वर्ष 2019 में एसडीएफ ने संयुक्त राष्ट्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर कर 18 वर्ष से कम आयु के युवकों को भर्ती न करने का वादा किया था और अपने क्षेत्रों में कई बाल संरक्षण दफ्तर स्थापित किए थे। अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान जारी अपने सहयोगी का बचाव करते हुए कहा कि एसडीएफ सीरिया का एक मात्र सशस्त्र समूह है जिसने 'बाल सैनिकों' का इस्तेमाल बंद करने के संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर प्रतिक्रिया दी थी। एसडीएफ से संबद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित एक बाल संरक्षण दफ्तर की प्रवक्ता नोदेम शेरो ने माना कि एसडीएफ के कब्जे वाले इलाकों में बच्चों की भर्ती जारी है।

## हांगकांग कस्टम विभाग ने सिंगापुर के रास्ते चीन ले जाई जा रही तस्करी की सबसे बड़ी खेप की जब्त

**हांगकांग।** हांगकांग के कस्टम विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी खेप में सिंगापुर के रास्ते चीन ले जाया जा रहा 1.5 बिलियन हांगकांग डॉलर (191.5 मिलियन S$ मूल्य का तस्करी का सामान जब्त किया है। हांगकांग सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग ने खुलासा किया कि 15 शिपिंग कंटेनरों में छिपाए गए सामानों की भारी जब्ती में 1 बिलियन से अधिक नए एकीकृत सर्किट शामिल थे, जिनकी कीमत लगभग 1.2 बिलियन HK$ थी। जब्त किए गए अन्य सामानों में 230 मिलियन HK$ मूल्य के प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद जैसे मदरबोर्ड, मोबाइल फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर और फोन सहायक उपकरण, साथ ही पावर एडाप्टर शामिल थे। सीमा शुल्क अधिकारियों ने 25 टन सूखे समुद्री भोजन जैसे शार्क फिन,



समुद्री ककड़ी और मछली का मावा, साथ ही लुप्तप्राय प्रजातियों की शार्क की खाल भी जब्त की। उन सामानों का मूल्य लगभग 50 मिलियन ॥.था। उजागर किए गए अन्य अवैध सामानों में शराब की 20,000 बोतलें, मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस की रेड वाइन, जिसकी कीमत HK$4 मिलियन है, साथ ही 27,000 सीडी और विनाइल एल्बम शामिल हैं, जिनकी कीमत 8 मिलियन ॥. है।

सीमा शुल्क सिंडिकेट अपराध जांच ब्यूरो के वरिष्ठ अधीक्षक रीता ली यिम-पिंग ने कहा ÷हम इस बात से इंकार नहीं करते हैं कि अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के बाद इस्तेमाल किए गए उत्पादों को नष्ट कर दिया गया होगा या उनका नवीनीकरण किया गया होगा । इस प्रक्रिया में रसायनों की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण के लिए हानिकारक पदार्थों का उत्पादन होता है । उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा लगाए गए कड़े आयात प्रतिबंधों के बाबजूद अपराधियों ने मुख्य भूमि में ऐसे सामानों की तस्करी करने की कोशिश खतरेकी घंटी है ।